संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
28 दिसंबर 2024, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 91
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

माता वैष्णा देवी श्राइन बोर्ड रे दाड़ांन होड़ाक् लेखा दो निया बोछोर 93 लाख खोन हों पारोम एना

जम्मू। आर मित्टेन रिकॉर्ड बेनाव तुलुच् श्री माता देवी श्राइन बोर्ड रे दाड़ांन होड़ दो निया बोछोर 93 लाख खोन हों जासती लेखाये पारोम केदा। श्री माता वैष्णु देवी श्राइन बोर्ड रेन आसोल कामीयिच्अधिकारी अंशुल गर्ग दोय एक्स होतेते मेन केदा जे जममू कश्मीर रेयाक् रियासी जिला कटरा बाजार रेयाक् त्रिकुटा बुरू रे माता वैष्णो देवी मंदिर रे निया बोछोर 93 लाख खोन हों जासती धोरोमहोड़ दोको पुजा-पासा केदा।

मणिपुर के दो जिलों में गोलीबारी,मोर्टार दागे

कुकी-मैतेई के बीच फिर से हिंसा शुरू

एजेंसी

इंफाल । मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकली जिलों में गोलीबारी हो रही है। लोगों के मुताबिक मोर्टर भी दागे जा रहे हैं। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच एक बार फिर हिंसा शुरू हुई है। दोनों जिलों के कई इलाकों में 24 दिसंबर से जारी गोलीबारी की घटना ने शुक्रवार को बड़ा रूप लिया। इन जिलों के यिंगांगपोकपी, थमनापोकपी, थंबापोकपी, सबुंगखोक खुनौ, शांति खोंगबल सहित दूसरे इलाकों में दहशत है। यिंगंगपोकपी में ग्रामीणों ने अधिकारियों से उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है। गोलीबारी की घटनाओं में फिलहाल किसी की मौत की खबर नहीं है।

राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा था कि उन्होंने सुरक्षा सलाहकार और मणिपुर के डीजीपी को इंफाल पूर्वी जिले में सिक्योरिटी और मजबूत करने का निर्देश दिया है। सुरक्षाबल उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब दे रहे हैं।

तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर, नम आंखें लिए डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन को उमड़े लोग

राजकीय सम्मान के साथ होगा मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार

● दी जाएगी 21 तोपों की सलामी

एजेंसी

नई दिल्ली । पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 9.30 बजे दिल्ली में शक्ति स्थल के पास होगा। उनकी बेटी देर रात अमेरिका से दिल्ली पहुंचेगी। डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर दिल्ली के मोतीलाल नेहरू मार्ग स्थित उनके आवास पर रखा गया है। शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई दिग्गजों ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए। पूर्व पीएम के निधन पर सरकार ने 7 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। उनके निधन के बाद कांग्रेस पार्टी ने आज अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।अंतिम संस्कार से पहले पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को भारत के राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगे में लपेटा जाता है। इसके अलावा अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी भी दी जाती है।

केंद्र ने मनमोहन सिंह की स्मृति में स्मारक बनाने का अनुरोध किया खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी से पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की स्मृति में स्मारक बनाने का अनुरोध किया।मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और एक पत्र लिखकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से अनुरोध किया कि भारत के सपूत सरदार मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार व स्मारक स्थापित करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी, हालांकि सरकार ने कांग्रेस की मांग खारिज कर दी है। यानी राजघाट के आसपास या अटल जी के स्मारक जैसी कांग्रेस की मांग को केंद्र ने खारिज कर दिया।

डॉ. मनमोहन सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षतिः सोनिया गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आज शाम जारी अपने शोक संदेश में सोनिया गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे मेरे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे।

मनमोहन जी का जीवन ईमानदारी, सादगी का प्रतीक : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली । पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक शोक संदेश जारी किया और पूर्व पीएम को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से निधन से हम सभी दुखी हैं। उनका जाना देश के लिए बड़ा झटका है। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन ईमानदारी, सादगी का प्रतीक था। मनमोहन सिंह का जीवन भावी पीढियों के लिए उदाहरण है कि किस तरह से वे सभी चुनौतियों से पार पाकर ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

मलेशिया में डॉक्टर नरेन पांडे सम्मानित

कोलकाता । कोलकाता के डॉक्टर नरेन पांडे को एलर्जी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए एशिया पैसिफिक अंतरराष्ट्रीय एलर्जी कांग्रेस कुआलालंपुर में सम्मानित किया गया. डॉ नरेन पांडे को यह सम्मान 13 से 15 दिसंबर को आयोजित कांग्रेस के को चेयरमैन प्रोफेसर कैंट वो ची किन ने सम्मानित किया.श्री पांडे को ये सम्मान रश इम्यूनोथेरेपी के लिए दिया गया. चूंकि नाक की एलर्जी के इलाज में कारगर और पूरे विश्व में सबसे अधिक प्रचलित और प्रभावी पद्धति सब लिंगूअल इम्यूनोथेरेपी से इलाज होता है, इसके तहत रोगी के जुबान के नीचे बूंद के रूप दवाई तकरीबन तीन से पांच साल तक लेना पड़ता है. जिसका नया प्रारूप रश इम्यूनोथेरेपी को लेकर डाक्टर नरेन पांडे के अध्ययन और इलाज पद्धति को लेकर मरीज को होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला ।

आडवाणी पूरी तरह स्वस्थ्य अस्पताल से मिली छुट्टी

नई दिल्ली । भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। इलाज के बाद उनकी अस्पताल से छुट्टी कर दी गई है। वे घर पहुंच गए हैं और आराम कर रहे हैं। उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। हल्का भोजन भी ले रहे हैं। उन्हें 12 दिसंबर को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें स्वास्थ्य लाभ के 14 दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

राज्य में बारिश और कोहरे के साथ बढ़ेगी ठंड

रांची । राज्य में 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रांची सहित कई जिलों में बारिश की संभावना है। झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे बारिश होगी। साथ ही 29 दिसंबर को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के हटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 28 दिसंबर को गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची, सिमडेगा और खूंटी जिलों में हल्के दर्जे की जबकि 29 दिसंबर को रांची, गुमला, खूंटी में मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है।

झारखंड में 1,100 से भी ज्यादा स्वयंसेवी संस्थाओं की रद्द हो सकती है मान्यता, नोटिस जारी

एजेंसी

रांची । झारखंड में 1,100 से भी ज्यादा स्वयंसेवी संस्थाओं की मान्यता रद्द हो सकती है। राज्य सरकार ने निबंधन नियमावली का अनुपालन नहीं करने वाली संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है।इन संस्थाओं से पूछा गया है कि क्यों नहीं उनकी मान्यता समाप्त कर दी जाए? झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने कई संस्थाओं के कागजी तौर पर संचालित किए जाने, वार्षिक रिपोर्ट जमा न करने, सरकार को सूचित किए बगैर पता

बदलने सहित कई अन्य नियमों के उल्लंघन की लगातार मिल रही शिकायतों पर यह कार्रवाई की है।विभाग ने चिन्हित की गई संस्थाओं की सभी गतिविधियों पर रोक लगाने का भी आदेश दिया है। रजिस्ट्रेशन सस्पेंड रहने की अवधि में संस्थाएं किसी भी तरह की चल-अचल संपत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकेंगी।ऐसे संस्थाओं को अंतिम मौका देते हुए 31 दिसंबर 2024 तक हर हाल में विभाग के समक्ष स्पष्टीकरण समर्पित करने को कहा गया है। अगर निर्धारित तारीख तक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो एकतरफा कार्रवाई करते हुए उनका निबंधन रद्द करने की चेतावनी दी गई है।विभाग ने राज्य में निबंधित संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा की तो यह तथ्य सामने आया कि वे नियमों का अनुपालन नहीं कर रही हैं। इसके अलावा सरकार के पास विभिन्न स्रोतों से इनके बारे में शिकायतें पहुंच रही हैं। कई संस्थाओं ने जो दस्तावेज जमा किए थे, उसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं। कई संस्थाएं ऐसी हैं, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन के बाद एक भी वार्षिक रिपोर्ट समर्पित नहीं की है।कुछ संस्थाओं ने नियमों के विरुद्ध जाकर अनुदान भी प्राप्त किया है। ये सभी संस्थाएं कार्रवाई के दायरे में आ गई हैं। इनमें से ज्यादातर संस्थाएं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत निबंधित हैं। विभाग ने राज्य में निबंधित ट्रस्ट के कार्यकलापों की भी समीक्षा का निर्णय लिया है।

नव वर्ष 01 जनवरी को बाबा बैद्यनाथ के शीघ्र दर्शनम कूपन का शुल्क होगा 600 रुपये

संवाददाता

देवघर । विशाल सागर के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार की अध्यक्षता में नव वर्ष एवं छुट्टियों में बाबा बैद्यनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के संभावित भीड़ के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन अनुमंडल कार्यालय में किया गया। इस दौरान उन्होंने ने नव वर्ष की तैयारियों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों, मंदिर के दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि बाहर से आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को एक अच्छी अनुभूति के साथ हर संभव सुविधा मुहैया करायी जा सके। पूर्व की तरह नव वर्ष 01 जनवरी को शीघ्र दर्शनम कूपन का शुल्क होगा 600 रुपये इसके अलावे बैठक के दौरान सभी की सहमति से पूर्व की तरह विशेष दिन, नव वर्ष के अवसर पर 600/-रूपये की राशि निर्धारित रहेगी। आगे श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर

विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को संभावित श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी चिन्हित प्वाइंट व रूटलाईन में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया,ताकि विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का संधारण समुचित रूप से किया जा सके।

चांदी के सिक्के और आभूषणों पर भी हॉलमार्क होगा अनिवार्य

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार सोने की तरह अब चांदी पर भी हॉल मार्किंग की व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसके लिए नियम बनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

चांदी पर हॉलमार्क की व्यवस्था लागू हो। इसमें जो तकनीकी समस्या आ रही है। उसको जल्द ही दूर किया जाएगा।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा व्यवस्था तैयार की जा रही है। चांदी में उपभोक्ताओं को शुद्धता की गारंटी मिले। चांदी में अभी बड़े पैमाने पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी हो रही

है। इसको देखते हुए भारतीय मानक ब्यूरो चांदी के सिक्के और ज्वेलरी पर हॉलमार्क किस तरह से लागू किया जा सकता है। इस पर विचार कर रही है। भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार जल्द ही हॉलमार्क की व्यवस्था चांदी के आभूषणों पर भी लागू की जाएगी।

डल्लेवाल का जीवन दांव पर, आप गंभीरता से नहीं ले रहे, सुप्रीम कोर्ट से मान सरकार को फटकार

➡नोटिस जारी कर मांगा जबाव

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को डॉक्टरी मदद देने के आदेश का पालन नहीं करने पर पंजाब की मान सरकार को नोटिस जारी कर दिया है। यह नोटिस मुख्य सचिव खिलाफ अवमानना याचिका पर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सुनवाई में कहा कि हम किसान नेता डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पंजाब सरकार उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए। वहीं अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है तब सरकार उस सख्ती से निपटना होगा।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धुलिया की अवकाशकालीन पीठ ने मान सरकार को नोटिस जारी की है। बता दें कि डल्लेवाल 26 नवंबर से ही खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। वे केंद्र सरकार पर किसानों की मांग के समर्थन में यह हड़ताल कर रहे हैं।

आयकर की दरों को घटाएगी केंद्र सरकार

कस्टम ड्यूटी में भी छूट देने की तैयारी

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा 2025 के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। देश में जिस तरह की आर्थिक स्थिति बन गई है।उसको देखते हुए इस बजट में मध्यवर्ग के ऊपर सरकार विशेष ध्यान देने जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 लाख रुपए तक की कमाई वालों को आयकर से छूट देने की तैयारी सरकार कर रही है।

केंद्र सरकार बाजार मे जिस तरह की मंदी देखने को मिल रही है। उसको बढ़ाने के लिए मध्यवर्ग के लिए आयकर की सीमा बढ़ाने जा रही है। ताकि मध्यम वर्ग ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च कर सके। केंद्र सरकार आयकर की नई टैक्स प्रणाली को प्रमोट कर रही है। 15 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स से छूट दी जाएगी। इसमें हाउस रेंट, होम लोन, बीमा और अन्य छूट जो मिलती थी। वह नहीं मिलेगी।

आज होनी वाली मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम स्थगित

राज्य में एक जनवरी तक नहीं होंगे कोई भी राजकीय समारोह

संवाददाता

रांची । नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में 28 दिसंबर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम की अगली तिथि जल्द जारी की जायेगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दी। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में झारखंड में भी 26 दिसंबर से एक जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। इसलिए मंईयां सम्मान कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। राजकीय शोक के बाद कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में 26 दिसंबर से एक जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। साथ ही राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वे आधे झुके रहेंगे। इस संबंध में हेमंत सरकार के संयुक्त सचिव ने शुक्रवार को पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसंबर को दिल्ली के एम्स अस्पताल में हो गया था। उनके निधन पर केंद्र सरकार ने सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है।

लोजपा-आर के नेता हुलास पांडेय के पटना, दिल्ली और बेंगलुरु के ठिकानों पर ईडी का छापा

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता हुलास पांडे के पटना, नई दिल्ली और बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापा मारा। हुलास पांडे को एलजेपी-आर के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का करीबी माना जाता है।

सूत्रों ने बताया कि ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में यह कार्रवाई की है। ईडी ने सुबह पटना, नई दिल्ली और बेंगलुरु में हुलास पांडे के ठिकानों पर छापा मारा।जांच एजेंसी ने पटना में गोला रोड स्थित आवास के साथ-साथ दानापुर में भी उनके ठिकानों पर छापा मारा। ईडी की टीम ने नई दिल्ली और बेंगलुरु में भी हुलास पांडे के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी को हुलास पांडे की संपत्ति से जुड़ी कई नई जानकारियां मिली हैं।

हरियाणा-महाराष्ट्र की तरह दिल्ली में भी एक्टिव होगा आरएसएस

भाजपा को जिताने के लिए रणनीति बनाकार काम करेगा संघ

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठनों की सक्रियता एक बार फिर भाजपा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र में आरएसएस की रणनीतियों से भाजपा को मिली सफलता के बाद अब वही मॉडल दिल्ली में लागू किया जा रहा है। संघ ने भाजपा के साथ मिलकर एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर मतदाताओं से जुडक़र उन्हें प्रभावित करना है।

संघ ने अपनी रणनीति को अधिक व्यापक

बनाने के लिए जिला और बूथ स्तर पर स्वयंसेवकों को सक्रिय किया है। दिल्ली के लगभग 13,000 बूथों पर आरएसएस स्वयंसेवक अभियान चलाएंगे। इन सत्रों में स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें विकास और पर्यावरण जैसे प्रमुख मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा। संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान पर्यावरण को प्राथमिकता देने की सोच इस अभियान में प्रमुखता से झलकती है। आरएसएस ने यह सुनिश्चित किया है कि इन बैठकों के माध्यम से मुद्दों को भावनात्मक और व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया जाए। स्वयंसेवकों को इस तरह से प्रशिक्षित किया जा रहा है कि वे मतदाताओं से प्रभावी संवाद कर सकें। संघ की यह रणनीति स्थानीय समुदायों के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करने पर केंद्रित है, ताकि लोगों के बीच भाजपा की छवि को और मजबूत किया जा सके।

शीर्ष नेताओं की बैठक में बना रोडमैप

आरएसएस और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने हाल ही में एक बैठक में दिल्ली चुनाव के लिए रोडमैप को अंतिम रूप दिया। इस योजना के तहत दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों छोटी-छोटी सामुदायिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों का उद्देश्य केवल पार्टी का प्रचार नहीं बल्कि राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना है। आरएसएस के मुताबिक, इन सत्रों में राजनीतिक संदर्भों से बचते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। दिल्ली में आरएसएस और भाजपा की यह सक्रियता हरियाणा और महाराष्ट्र में अपनाए गए मॉडल का ही विस्तार है। वहां पर आरएसएस ने अपने संबद्ध संगठनों के जरिए छोटे पैमाने पर बैठकें आयोजित की थीं, जिसका लाभ भाजपा को सीधे तौर पर चुनावी परिणामों में मिला। अब यही मॉडल दिल्ली में दोहराया जा रहा है। भाजपा मुख्यालय में आरएसएस और भाजपा नेताओं के बीच हाल ही में एक विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली चुनाव को लेकर दोनों के बीच समन्वय और रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि संघ की ओर से अरुण कुमार ने इस बैठक में विशेष रूप से भाग लिया और दिल्ली चुनाव की समीक्षा की। संघ की यह रणनीति केवल पार्टी के चुनावी हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना भी है। पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतदान के महत्व को उजागर करते हुए यह अभियान एक नई दिशा की ओर इशारा करता है।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये santalexpress.com पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.....

जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार-2024 के पोस्टर का विमोचन

रांची । उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्य के प्रतिष्ठित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार-2024 का आयोजन पांच जनवरी को ऑड्रे हाउस किया जाएगा। इसके मद्देनजर शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित निजी रेस्टोरेंट में पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक रितेश उरांव, संस्थापक सचिव निरंजन भारती, केंद्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलको, मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के शैलेंद्र दुबे और संगीता तिर्की केंद्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा के हाथों हुआ। कार्यक्रम में रितेश उरांव ने कहा कि इस वर्ष जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के तहत पांच कैटेगरी में पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवंत पर्यंत) और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल हैं। इन सभी केटेगरी में खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं आदि को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं के चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी जल्द ही इन सभी को चयनित कर सूची सौंपगी। इस सभी लोगों के नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। प्रदीप मिर्धा ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन कई वर्षों से खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहा है। इस कड़ी में हर साल हॉकी के जादूगर जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर खेल पुरस्कार का आयोजन करती है।

चरही के 15 माईल में हो रही थी नकली शराब की पैकिंग, छह शराब तस्कर गिरफ्तार

रामगढ़ । रामगढ़ और हजारीबाग के बॉर्डर पर चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 माईल में नकली शराब की पूरी फैक्ट्री संचालित हो रही थी। यहां स्प्रिट से नकली शराब बनाया जा रहा था। इसका खुलासा तब हुआ जब चरही पुलिस ने 15 माईल के गोदाम में शुक्रवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान यहां स्प्रिट का एक बड़ा खेप बरामद हुआ है। साथ ही छह शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वहां लोडर, पिकअप वैन और हाईवा जैसी गाड़ियां जब्त की गई है। इन सभी गाड़ियों में स्प्रिट भरकर गोदाम में लाया जाता था और नकली शराब की खेप उन्हीं गाड़ियों से झारखंड और बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में खपाया जाता था। छापेमारी के दौरान गोदाम में एक हाईवा गाड़ी (बीआर 06 जीबी 9028) जब्त किया गया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो वहां 150 गैलन में भरा हुआ स्पीरिट पाया गया। इसके अलावा वहां गोदाम में 650 प्लास्टिक के जार भी स्पीरिट से भरे मिले हैं। प्रत्येक जार में 40 लीटर स्पीरिट भरा हुआ था।

भारतीय राजनीति और आर्थिक क्षेत्र के स्तंभ थे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह : विधायक

हजारीबाग । सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति और आर्थिक क्षेत्र का स्तंभ बताया। शुक्रवार को विधायक ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सादगी, निष्ठा और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है । उनका योगदान न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में था, बल्कि उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की साख को भी मजबूत किया। उनके नेतृत्व में देश ने उदारीकरण और आर्थिक सुधारों की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। डॉ. सिंह की सादगी, ईमानदारी और विद्वत्ता की प्रशंसा करते हुए विधायक ने कहा कि उन्होंने राजनीति में एक ऐसा मानदंड स्थापित किया। जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि वे भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो एक प्रख्यात अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने 1991 में भारत के आर्थिक सुधारों की शुरुआत की, जिसके तहत देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ा गया। उनकी विनम्रता, विद्वत्ता और दूरदर्शिता हमेशा याद रखी जाएगी।

अर्पिता महिला मंडल की ठंड में जरूरतमंदों के लिए मानवता भरी पहल

रांची । अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और माननीय सदस्यों के मार्गदर्शन में ठंड के मौसम में कांट्रैक्ट कर्मियों की सहायता के लिए एक विशेष पहल का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कार्य के तहत, जवाहर नगर कॉलोनी में 32 कांट्रैक्ट कर्मियों को राहत सामग्री वितरित की गई। प्रत्येक कर्मी को 2 कंबल, एक जोड़ी मोजे, भोजन का पैकेट और चूड़ा प्रदान किया गया। इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह और अन्य सम्मानित सदस्यों - श्रीमती शशि दुहान, श्रीमती निशा शुक्ला, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती त्रिवेणी इनामदार, श्रीमती नीता लाल, श्रीमती सरिता सक्सेना, श्रीमती कविता झा, श्रीमती सोनल, श्रीमती संगीता सिंह, श्रीमती पूनम झा, और श्रीमती आरती चंदेल - की उपस्थिति रही। महिला मंडल की इस पहल ने समुदाय के प्रति उनके समर्पण और सेवा भावना को दर्शाया है।

शिक्षकों को एमएसीपी की मांग वाली याचिका पर अंतिम सुनवाई 9 को

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की पीठ ने राज्य के शिक्षकों को एमएसीपी देने की मांग वाली याचिका पर अंतिम सुनवाई निर्धारित की है । मामले में अगली सुनवाई 9 जनवरी को होगी। इसे लेकर किरण कुमारी हेंब्रम व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई में अदालत को बताया गया कि बिहार राज्य की नियमावली के तहत प्रार्थियों की नियुक्ति शिक्षक के पद हुई है। बिहार सरकार ने भी अब शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देना शुरू कर दिया है। झारखंड के शिक्षा विभाग के कर्मी और अधिकारियों को एमएसीपी का लाभ मिलता है। शिक्षकों को इसका लाभ नहीं दिया जाता है। जबकि शिक्षक भी विभाग के नीतियों से संचालित होते हैं। ऐसे में उन्हें भी इसका लाभ मिलना चाहिए। सरकार को इस पर नीति बनानी चाहिए। अदालत ने सरकारी अधिवक्ता को इस मामले में पूरी तैयारी के साथ अगली सुनवाई में हाजिर रहने आ आदेश दिया।

हाथियों के उत्पात से ग्रामीण दहशतजदा, किया वन विभाग व सरकार से स्थायी समधान की मांग

गिरिडीह । झुंड से बिछड़े हाथियों ने गुरुवार रात पीरटांड़ के पालगंज इलाके में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने पालगंज पंचायत के सुगवा टांड निवासी जीतन राय के घर को तोड़ अनाज खा लिया, जबकि सिमरबेडा में आंगनबाड़ी केंद्र को तोड़कर अनाज खा लिया। बाद में हाथी पूर्व दिशा की ओर चले गए और टुंडी के सीमा में प्रवेश कर गये।बता दें पिछले लगभग एक माह से हाथियों का झुंड ने गिरिडीह जिले में आतंक मचा रखा है। इन हाथियों ने डुमरी प्रखंड के अतकी में एक व्यक्ति और सुगवा टांड में एक बैल को भी कुचल कर मार डाला है, जबकि दर्जनों घरों को क्षतिग्रस्त कर, खेतों में लगे फसलों गेहूं, बाजरा, आलू, गोभी आदि को बर्बाद कर चुके हैं।वहीं कई किसानों के घरों एवं खलिहान में रखे धान को भी चट कर गए है।हाथियों के इस उत्पात से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। लोग वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि हाथियों का उत्पात जारी रहने से उनकी जान-माल की सुरक्षा खतरे में है।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान ने रिम्स अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

संवाददाता

रांची । राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने शुक्रवार को रिम्स अस्पताल का निरीक्षण किया। मंत्री ने अस्पताल में कई कमरे बंद और मशीनें बेकार पड़ी पाईं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए इन कमरों को खोलने और मशीनों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने देखा कि अस्पताल में कई जगह फर्श टूटे हुए हैं और मरीजों के लिए पर्याप्त बेड नहीं हैं। इसपर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने रिम्स में सुधार के लिए कई कदम उठाने का आदेश दिया है। पुराने उपकरणों को बदला जाएगा। इमरजेंसी में बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी और सेंट्रल लैब को जल्द शुरू किया जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अजय सिंह ने बताया कि रिम्स में इमरजेंसी में केवल 40 बेड हैं, जिन्हें बढ़ाकर 80 किया जाएगा।

यह काम अगले दो महीने में पूरा हो जाएगा।

रिम्स निदेशक ने माना कि अस्पताल में बेड की कमी है और मरीजों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि वे मंत्री के निर्देशों का पालन करेंगे और अस्पताल में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही कहा कि इमरजेंसी में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। इंडोर का भी मंत्री ने राउंड किया और दवाओं के बारे में पूछताछ की। इलाज और दवाओं से मंत्री संतुष्ट थे।

आभूषण कारोबारी से 9 लाख रुपए के गहनों की लूट

संवाददाता

पलाम । पाटन प्रखंड के पाटन गांव में बदमाशों ने आभूषण कारोबारी को निशाना बनाया और 9 लाख रुपए के गहने लूटकर फरार हो गए।घटना शुक्रवार दिन के दो बजे की है।जानकारी के अनुसार पाटन निवासी कामेश्वर सोनी बाइक से ग्राहक से उधार पैसे लेने जा रहे थे।तभी रास्ते में बंका नदी पथ पर दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोक दिया।बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इससे वे सड़क किनारे गिर गए.इसी बीच बदमाश डिक्की खोलकर उसमें रखे 3 किलो चांदी के आभूषण, 100 ग्राम सोने से भरा पैकेट और चार हजार रुपए नगद लेकर भाग गए।घटना के बाद कामेश्वर ने इसकी सूचना पाटन पुलिस एवं किशनपुर ओपी पुलिस

को दी।जिस पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।ओपी प्रभारी किशनपुर प्रभात किरण ने बताया कि घटना दिन के दो बजे की बताई जाती है।पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।लूटे गए आभूषण की कीमत लगभग 9 लाख रुपए बताई जाती है।

राशन वितरण में अनियमितता के अरोप में राशन दुकानदार की लाइसेंस रद्द

खूंटी । राशन वितरण में अनियमितता के ख़िलाफ कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने जन वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान, सीसीस्टोर (अनुज्ञप्ति

संख्या केएच-01/85) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जन वितरण प्रणाली दुकान संचालन में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई। निरीक्षण के क्रम में दुकान का संचालन अनाधिकृत व्यक्तियों के जरिये करने, कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न देने, चना दाल वितरण योजना के तहत गोदाम से उठाव के बावजूद वितरण नहीं करने, डीलर कमीशन की राशि व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित करने, समय पर दुकान नहीं खोलने, सभी कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण नहीं करने, भंडार एवं वितरण पंजी अद्यतन नहीं करने, वितरण पर्ची सभी कार्डधारियों को उपलब्ध नहीं कराने जैसी अनियमितता सामने आई। इसके बाद सीसी स्टोर को स्पष्टीकरण किया गया, पर सीसी स्टोर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी ने खूंटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ हीं झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2022 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कालाबाजारी की मंशा से दुकान का संचालन किए जाने की पुष्टि हुई। इस आधार पर अनुज्ञप्ति संख्या केएच-01/85 को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। .संबंधित सभी कार्डधारियों को अब महिला मंडल, सेरेंगडीह (अनुज्ञप्ति संख्या केएच-40/2009) के साथ संबद्ध किया गया है।

जंगल मे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

गिरिडीह । मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान गांव के शनीचर दास के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि गला दबाकर उसकी हत्या की गयी है। परिजनों ने बताया कि कुछ लोगों के साथ जमीनी विवाद चल चल रहा है। उसी रंजिश में यह हत्या की गई है।परिजनों ने बताया कि शनिचर गांव के बगल में स्थित जंगल में बैर तोड़ने गया था। काफी देर बीतने के बाद जब वह वापस नहीं आया तो परिजन उसे ढूंढने लगे। लेकिन वह कहीं नहीं मिला।

लेवी के लिए वार्ड सदस्य की हत्या

लातेहार । सदर थाना क्षेत्र के उलगाड़ा गांव निवासी वार्ड सदस्य बाल गोविंद साहू की हत्या झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा के नक्सलियों ने गुरुवार रात धारदार हथियार से मारकर कर दी। बाल गोविंद साहू उलगाड़ा गांव में औरंगा नदी पर बना रहे पुल निर्माण कार्य में मुंशी का काम भी करते थे। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात बाल गोविंद साहू पुल निर्माण कार्य के साइडिंग पर ही रुके हुए थे। इसी दौरान रात में लगभग 8 से 10 की संख्या में हथियारबंद नक्सली वहां पहुंचे और बाल गोविंद साहू को कब्जे में लेकर नदी के किनारे ले गए। वहां बाल गोविंद की पिटाई के बाद धारदार हथियार से मार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में नक्सलियों ने एक पर्चा फेंक कर घटना की जिम्मेवारी भी ली।इधर घटना के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची।परंतु आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को मृतक का शव घटनास्थल से उठाने नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के परिजनों को तत्काल सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद दी जाए उसके बाद ही शव को उठने दिया जाएगा।

पुलिस ने किया डबल मर्डर केस का खुलासा, चार आरोपितों को भेजा गया जेल

चतरा । प्रतापपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डबल मर्डर केस का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया हैं। पांच आरओपित अब भी फरार चल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बामी गांव निवासी विकास भारती , विश्वनाथ भारती , संतोष भारती और जोरी थाना क्षेत्र के गाँव करैलीबार निवासी समीर मियां शामिल है। प्रतापपुर थाना प्रभारी ने बताया कि बामी जंगल में मिले युवक और महिला के शव के मामले में एसआईटी का गठन किया गया था। इसका नेतृत्व आईपीएस रितिक कर रहे थे। टीम में एसडीपीओ संदीप सुमन, इंस्पेक्टर वशीम रज्जा, अमरदीप कुमार और प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी शामिल थे। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ हैं। इसमें कुल नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हैं। इसमें चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। उल्लेखनीय है कि कुंदा के मेदवाडीह निवासी विकास यादव और बामी गांव के आशा देवी कई दिनों से गायब थे। उनकी हत्या कर शव को जंगल में दफना दिया गया था। नौ दिनों के बाद पुलिस ने शव को बरामद किया था।

4 वर्षों तक यौन शोषण कर शादी से युवक के इनकार करने से युवती ने कर ली आत्महत्या

गिरिडीह । शादी का झांसा देकर 4 वर्षों तक यौन शोषण करने के बाद शादी से इंकार करने एवं युवक के मुंबई भाग जाने पर बेको बगोदर की एक युवती ने आहत होकर विषपान कर लिया। जिसकी शुक्रवार को इलाज के दौरान डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आईबीपी निकट अवस्थित निजी अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों की चीत्कार से अस्पताल परिसर शोकाकुल हो गया। मृतका की माता ने बताया कि उनकी बेटी का गांव के ही रियाज अंसारी के पुत्र मुन्तजिर अंसारी से पिछले चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसपर उक्त लड़के ने शादी का लालच देकर कई बार उनकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध भी बनाया।

लाखों का पैकेज छोड़कर झारखंड के चतरा में वैदिक खेती कर रहा सॉफ्टवेयर इंजीनियर, लोगों को दे रहा रोजगार

संवाददाता

चतरा । पढ़-लिख कर युवाओं का रुझान महानगरों और मेट्रो सिटी की ओर रहता है लेकिन ऐसे भी युवा हैं जो महानगरों से लौटकर गांव में खेती कर रहे हैं और अच्छी पहचान बना रहे हैं। झारखंड के चतरा का एक ऐसा ही युवा, जो पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहा है, लाखों का पैकेज ठुकरा कर परंपरागत खेती में बदलाव कर आज अच्छी आमदनी कर रहा है।

चतरा जिले के पत्थलगडा के एक किसान का बेटा राजधानी दिल्ली में विदेशी कंपनियों के लाखों रुपये का डिमांड ठुकरा कर गांव के परंपरागत खेती में किस्मत आजमा रहा है और कई लोगों को रोजगार दे रहा है। ऑर्गेनिक कृषि को अपनाकर संजीव कुमार ने युवाओं के बीच एक अलग पहचान बनाई है। साथ ही अच्छी आमदनी कर रहा है। संजीव कुमार पत्थलगड़ा निवासी जगदीश दांगी का पुत्र है। उसने आईआईटी धनबाद में बीएससी-

आईटी का कोर्स करने के बाद छह साल दिल्ली में फाल्कन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन और 8 साल ट्राइजिन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन में जॉब किया।

ट्राइजिन सॉल्यूशन में उसे 20 लाख का पैकेज मिला हुआ था। विदेशी कंपनी आराम को में, जो रियाद में अवस्थित है, उसे सालाना 32 लाख का पैकेज मिला था लेकिन उसने इसे ठुकरा कर परंपरागत कृषि की ओर लौटने का मन बनाया। चार साल से वह कांट्रैक्ट फार्मिंग कर रहा है। हजारीबाग के पदमा प्रखंड के सोनपुर गांव में लगभग 20 एकड़ में बागवानी और सब्जियों की खेती कार्य में जुटा हुआ है। चार लाख से शुरू की गई फार्मिंग में अभी टर्नओवर 20 लाख से अधिक का है। 15 से अधिक लोग नियमित उसके खेतों में काम कर रहे हैं।

संजीव कुमार ने कहा कि मिट्टी को संरक्षित करने के उद्देश्य से उसने वैदिक खेती की ओर कदम बढ़ाया है। मिट्टी को केमिकल मुक्त बनाने के साथ उसके खेतों की उपज आम लोगों के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़े और खाने वाला निरोग रहे इसी को ध्यान में रखकर वह खेती कर रहा है। उसने कहा कि वैदिक रीति से बने खाद और उर्वरक का वह उपयोग करता है। किसी भी स्थिति में रासायनिक खाद, दवा एवं उर्वरक का प्रयोग उसके खेती में नहीं हो रहा है।

संजीव के मुताबिक, परंपरागत खेती के साथ-साथ बागवानी भी की जा रही है। ढाई एकड़ में आम और ढाई एकड़ में अनार, एक एकड़ में मौसमी और संतरा, एक एकड़ में नेट हाउस और 14 एकड़ में वह सब्जियों की खेती कर रहा है। अभी उसके खेतों में टमाटर, मटर, भिंडी, प्याज, फ्रेंच बीन, सरसों, ब्रोकली, धनिया, लौकी और अन्य फसल लहलहा रहे हैं। उसने कहा कि किसानों का आय कैसे बढ़े इसी को ध्यान में रखकर जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान साग और सब्जियों की खेती के साथ-साथ बागवानी कर अतिरिक्त आमदनी कर सकते हैं।

संजीव ने कहा कि परंपरागत खेती में नई तकनीक को लाकर वह उत्पादन बढ़ाने पर विश्वास रखता है। उन्नत खेती को अपनाकर छोटे किसान आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्नत खेती को बढ़ावा देने के लिए उसने जैविक और वैदिक खेती का प्रचार प्रसार भी कर रहा है। संजीव ने कहा कि जब मिट्टी स्वस्थ रहेगी और फसल का सही चुनाव कर किसान परंपरागत खेती करेंगे तो किसान के साथ-साथ खाने वाला भी निरोग रहेगा।

रजनीकांत ने डी गुकेश को भेंट की परमहंस योगानन्द की ऑटोबायोग्राफी

रांची । हाल ही में विश्व शतरंज चैंपियन बने डी गुकेश जब अपने परिवार के साथ भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत से मिले तो उन्हें परमहंस योगानन्दजी की ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी पुस्तक भेंट में मिली। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर, 18 वर्षीय गुकेश दोम्माराजू ने साझा किया = सुपरस्टार ञ्रजनीकांत सर को आपकी हार्दिक शुभकामनाओं और आमंत्रित करने, समय बिताने और हमारे साथ अपना ज्ञान साझा करने के लिए धन्यवाद सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश की यह पोस्ट वायरल हो गई है। इसमें गुकेश सुपरस्टार रजनीकांत के साथ खड़े योगानन्दजी की ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी हाथ में लिए नज़र आते हैं। ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी के बारे में = योगानन्दजी की पुस्तक योगी कथामृत–विश्व के सर्वाधिक प्रशंसित आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थों में से एक – सन् 1946 में प्रकाशित की गयी थी और जिसकी 75वीं जयन्ती मनाई जा चुकी है। 14 भारतीय भाषाओं सहित सम्पूर्ण विश्व की 50 से अधिक भाषाओं में अनुवादित, श्री श्री परमहंस योगानन्द का जीवन वृत्तान्त, आधुनिक युग की एक महान् आध्यात्मिक विभूति का चित्ताकर्षक वर्णन होने के साथ-साथ प्राचीन दर्शन एवं योग विज्ञान और ध्यान की परम्परा का एक गहन परिचय भी है। इस पुस्तक और परमहंस योगानंद की जीवन-परिवर्तनकारी योग-ध्यान शिक्षाओं के बारे में यहाँ और जानें ।

मृतक की मां के बयान पर स्कूटी मालिक सहित पांच के खिलाफ प्राथमिकी

रांची । मधुकम रूगड़ीगढ़ा में रहने वाले समीर आइंद उर्फ सन्नाटा की पिटाई से हुई मौत के मामले में सुखदेवनगर थाना में शुक्रवार को हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मृतक की मां कुसुम आइंद के बयान पर मामले में लक्ष्मण मिस्त्री, पुकंलू, विकास कुमार, महेश कुमार सहित एक अन्य को आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लक्ष्मण विश्वकर्मा (मिस्त्री) ने सुखदेव नगर थाना में सरेंडर कर दिया। उल्लेखनीय है कि समीर आइंद उर्फ सन्नाटा पर स्कूटी चोरी का आरोप लगा कर स्कूटी मालिक लक्ष्मण विश्वकर्मा (मिस्त्री) सहित अन्य आरोपितों ने मारपीट की थी। इलाज के दौरान समीर की रिम्स में मौत हो गयी थी। कुसुम आइंद ने प्राथमिकी में कहा है कि वह मूल रूप से खूंटी जिला के कर्रा थाना क्षेत्र के जरिया गोविंदपुर की रहने वाली है। वर्तमान में मधुकम के झारखंड चौक में बहन जूली कच्छप के घर में रहती है। 24 दिसंबर को रूगड़ी गढ़ा निवासी सभी नामजद आरोपित हमारे पैतृक गांव जरिया गोविंदपुर गये ।

एबीवीपी की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनीं मौसमी पॉल

रांची । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के पदों की निर्वाचन प्रक्रिया शुक्रवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर प्रो. (डॉ.) मौसमी पॉल और प्रदेश मंत्री के पद पर मनोज सोरेन निर्वाचित हुए। एबीवीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के निर्वाचन प्रक्रिया के चुनाव अधिकारी प्रो. पुष्कर बाला ने निर्वाचन परिणामों की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी धनबाद में 03, 04 और 05 जनवरी को आयोजित होने वाले 25वें प्रदेश अधिवेशन में कार्यभार संभालेंगे। कौन हैं डॉ. मौसमी पॉल प्रदेश मंत्री सुभम पुरोहित ने कहा कि जमशेदपुर महानगर की निवासी डॉ. मौसमी पॉल वर्तमान में लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि अब तक तक इनके 20 से अधिक शोध पत्र विभिन्न पत्रिकाओं एवं सेमिनारों में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। महिला सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रमों में उन्होंने सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ कोल्हान विभाग में संगठन कार्य को सुदृढ़ करने में उनकी महती भूमिका रही है। वर्ष 2015 से वह के एबीवीपी के सम्पर्क में हैं। अभी तक वह शिक्षक कार्यकर्ता के रूप में चाईबासा नगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं। वर्तमान में वह एबीवीपी झारखंड की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।

दुष्कर्म और छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक : बाबूलाल मरांडी

रांची । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि राजधानी रांची में दुष्कर्म और छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। आज स्थिति इतनी वीभत्स है कि स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राएं सहमी हुई हैं। हाट-बाजार जाने वाली महिलाएं खौफजदा हैं। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि महिला सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिर्फ मंईयां सम्मान योजना की घोषणा कर अपने सारे गुनाहों को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। झारखंड पुलिस दुष्कर्म और छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करे। साथ ही पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए स्पीडी ट्रायल की पहल करे।

नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में कर्रा प्रखंड ने मारी बाजी, पुरस्कार में मिले डेढ़ करोड़ रुपये

खूंटी । नीति आयोग के जरिये आयोजित केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक में खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड ने शानदार प्रदर्शन करने साथ ही ईस्टर्न जोन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर कर्रा प्रखंड को 1.5 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं सामाजिक विकास जैसे छह प्रमुख प्रक्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। कर्रा प्रखंड ने आकांक्षी प्रखंड के सभी छह प्रक्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कर्रा प्रखंड की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार न केवल कर्रा प्रखंड की टीम और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है, बल्कि इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी महत्वपूर्ण रही है।

दिनदहाड़े स्वर्ण व्यवसायी से नौ लाख के आभूषण की लूट

पलामू । पलामू जिले के किशुनपुर-तरहसी मुख्य मार्ग पर पाटन थाना क्षेत्र के काला पहाड़ मोड़ के समीप शुक्रवार बाइक सवार दो बदमाशों ने एक अधेड़ स्वर्ण व्यवसायी से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। स्वर्ण व्यवसायी काला पहाड़ एवं लोइंगा में अपने ग्राहकों के यहां बकाया पैसे लेने जा रहे थे। तीन केजी चांदी और 100 ग्राम के लगभग सोने के आभूषण की लूट की जानकारी दी गयी है। इसकी अनुमानित कीमत नौ लाख रूपए है। घटना की सूचना मिलते ही किशुनपुर ओपी के एएसआई प्रभात किरण दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं जांच में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार पाटन निवासी स्वर्ण व्यवसायी कामेश्वर सोनी बाइक से काला पहाड़ और लोइंगा में अपने ग्राहकों के यहां बकाया पैसे लेने जा रहे थे। इसी क्रम में बाइक से आए दो बदमाशों ने काला पहाड़ मोड़ के समीप पीछे से स्वर्ण व्यवसायी की बाइक में धक्का मार दिया, जिससे वे गिर गए। गिरने के बाद बदमाशों ने गाड़ी की चाबी लूट ली और डिक्की में रखें तीन किलो चांदी एवं 100 ग्राम के लगभग सोनी के आभूषण लूट लिए। स्वर्णकार संघ के पाटन प्रखंड अध्यक्ष अजय सोनी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सोनार व्यवसायियों को इस तरह से दिनदहाड़े बदमाशों के जरिये लूटपाट की घटना को अंजाम देना बहुत ही चिंताजनक है। लगातार सोनार व्यवसायियों के साथ लूटपाट की घटना हो रही है, जिस पर पलामू पुलिस को संज्ञान में लेने की आवश्यकता है।

साहेबगंज के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज पुलिसलाइन मैदान,साहेबगंज में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन नेहरू युवा केंद्र साहेबगंज के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओं के लिए कबड्डी,स्किपिंग और 200 मीटर दौड़,के साथ पुरुषों के लिए फुटबॉल , 400 मीटर दौड़,फुटबॉल और लॉन्ग जंप प्रतियोगिता किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के विभिन्न ग्रामों से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें फुटबॉल में एफ सी अमजोरी (प्रथम), स्पॉटिंग क्लब दामिन भिट्ठा ,कबड्डी में क्रांति ग्रुप प्रथम ,रनर दुर्गा ग्रुप,400 मीटर दौड़ (पुरुष) में परितोष कुमार यादव प्रथम ,रवि कुमार द्वितीय और आशीष कुमार तृतीय ,200 मीटर दौड़ (महिला) में ममता कुमारी प्रथम , नीलू कुमारी द्वितीय और मौसम कुमारी तृतीय ,स्किपिंग में रेणु कुमारी प्रथम, प्रिया कुमारी द्वितीय और नीलू कुमारी तृतीय और लॉन्ग जंप में रवि कुमार प्रथम ,राहुल कुमार द्वितीय और अभिषेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में मौके पर दामिन भिट्ठा पंचायत के मुखिया श्री अजय मरांडी,राज कोचिंग सेंटर के शिक्षक श्री रविकांत तांती उपस्थित हुए। कार्य क्रम में कृष्णा,सचिन,परितोष,रवि,नेहा,सिमरन,नीलू,प्रिया,सुमन,आरती,गंगा,सौरभ, ननंदनी,अनीषा आदि के साथ सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की देख रेख नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक कौशर अंसारी एवं चंदन कुमार के नेतृत्व में किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री के निधन परशोक सभा का आयोजन

पाकुड़। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, भूमि सुधार उप समाहर्ता श मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती समेत अन्य सभी पदाधिकारियों और कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा परमात्मा से दिवंगत को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

सदर अस्पताल से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण का तबादला

साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार का तबादला कर दिया गया है.जहाँ डॉ. तरुण कुमार को गोड्डा राजमहल अनुमंडल अस्पताल के पदस्थापित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार का तबादला गोड्डा सदर अस्पताल कर दिया गया है। इसे लेकर पत्र जारी किया गया है।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का दूसरा दिन- सैंकड़ों भक्तों ने भागवत कथा सुनकर भावविभोर हुए

मिहिजाम। मिहिजाम के छाता डंगाल शिवालय परिसर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिन पूजा अर्चना के पश्चात संध्या में प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया और भागवत कथा सुनकर भावविभोर हुए। प्रवचन कार्यक्रम में अयोध्या के संत श्री तुलसीराम शास्त्री ने भागवत कथा का प्रवचन किया। उन्होंने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की महिमा का वर्णन किया और भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया। इस अवसर पर लखन रजक, सुरेश राय, मृदुल दास, विजय चौधरी, गणेश पासवान, अजय सिंह, अशोक साव, कृष्ण गुप्ता, काजू शर्मा सहित सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने प्रवचन कार्यक्रम के दौरान भावविभोर होकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना की। यह आयोजन मिहिजाम के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले सकते हैं।

खेल-खेल में बच्चों ने खलिहान में लगा दी आग, किसान परेशान, लाखों का हो गया नुकसान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)अंचल क्षेत्र के उदलबनी गाँव में एक स्थान पर रखे धान के खलिहान में शुक्रवार को अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने बीजीआर प्रबंधन से संपर्क कर पानी का टैंकर तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं बीजीआर प्रबंधन के द्वारा तुरंत घटना स्थल के लिए पानी का टैंकर भेजा गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसआई रामप्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदलबनी गांव निवासी हिरोलाल सोरेन और सोम सोरेन दोनों का खलिहान मांझीटोला में अगल बगल ही है। दोपहर कुछ बच्चे खलिहान के पास खेल रहे थे। इसी बीच किसी बच्चे ने खेल-खेल में ही खलिहान में आग लगा दी। आग लगने के बाद वहाँ खेल रहे सभी बच्चे डर गए और भाग खड़े हुए। इसी दौरान खलिहान से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे कुछ ग्रामीण डीलर से अनाज ले रहे थे। आग देखकर सभी खलिहान की ओर दौड़े भागे। सभी ने मिलकर टैंकर के सहारे आग बुझाने में अपनी ताकत झोंक दी। लेकिन तबतक देर हो चुकी थी। खलिहान में रखे अधिकांश धान जल चुके थे। इस नुकसान से दोनों ही परिवार के लोग खलिहान के समीप ही बेतहाशा रोते हुए नजर आए। दोनों ही परिवार के पास भोजन के लिए एक मात्र सहारा धान की खेती ही है। जो आगजनी में तबाह हो गया। आगजनी का आंकलन करने के लिए अंचल कार्यालय के हल्का कर्मचारी सीताराम महतो और बीणा रानी सहित पंचायत के मुखिया साहेबजन टुडु भी मौके पर पहुंच चुके थे।

सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस को मिला प्रशिक्षण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज शुक्रवार को जिले के पुलिस लाइन स्थित आरक्षित अधीक्षक कार्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।आए दिन सड़क पर होने वाली घटनाओं और दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कैसे करे।इस सत्र में पुलिस पदाधिकारियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसमें दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के तरीके, और आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई।कार्यशाला का उद्देश्य न केवल पुलिस कर्मियों को जागरूक करना था, बल्कि सड़क पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाना भी था। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, सभी को यातायात नियमों का पालन करने और सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

नगर पालिका की उदासीनता का शिकार आम जनता 22 दिन पहले बीत जाने के बाद अब तक नही हो सका नाला की सफाई

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। जिला मुख्यालय स्थित पूर्वी फाटक से लेकर जीरवाबाडी तक बडा नाला जाम होने के कारण आम जनता को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है।इस संबंध मे स्थानीय निवासी महेश साह ने बताया कि हमारे घर के पास से एक बडा नाला निकासी के लिए बनाया गया है।जो की बहुत दिनों से जाम पडा हुआ है।नाला साफ नही होने के कारण बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है।अगर थोड़ा सा वर्षा होती तो रोड व नाला का पानी दुकान और घर में घुस जाता है।उन्होंने कहा कि 22 दिन पहले एक लिखित आवेदन नगर परिषद को दिया गया है।आवेदन देने पर एक दिन कुछ कर्मचारी के द्वारा कुछ दुर तक नाला

की सफाई की गई थी।उसके बाद सफाई बंद हो गया।जबकि वही दुसरी ओर शांति नगर मुहल्ले मे बुधिया साह,अनिल साह के द्वारा आए दिन घर का गंदा पानी छोड दिया जाता है।जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।वही ये लोग बोलते है,की तुम लोग को जहाँ जाना है हमारा कोई कुछ नही बिगाड सकता हैं।जो करना करलो हम रोड में पानी गिराएंगे।यह बात सोचने वाली है की नगर पालिका को अगर समय पर टैक्स नही देने पर तरह - तरह की बातें सुना पडता है।आखिर क्यों आम जनता के साथ ऐसा किया जाता है,इस ओर ना ही किसी नेता या पदाधिकारी का ध्यान नही जाता है।नगर पालिका की उदासीनता का शिकार साफ दिखाई देती है।आखिर क्यों आम जनता के साथ ऐसा खिलवाड़ किया जा रहा है।वही ग्रामीण बबलू कुमार, राजेश कुमार,छोटु कुमार,श्रवण कुमार,संजय पासवान,सहित दर्जनों ग्रामीण ग्रामीणों का कहना है,की क्या होगा आम जनता का,क्या सफाई होगी की नही? यह बात सोचने वाली है।

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़।आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित मामले, शिक्षा आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

कृषि तकनीकी केंद्र में रबी कर्मशाला सह किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र, लिट्टीपाड़ा में रबी कर्मशाला 2024 -सह- किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान में जिले से पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रबी कर्मशाला का मकसद कृषि क्षेत्र की विकसित तकनीक को किसानों तक पहुंचाना है ताकि पैदावार को और बढ़ाया जाए और अन्नदाता किसान को खुशहाल बनाया जा सके।इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने श्री सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ कृषि के क्षेत्र में भी बदलाव की जरूरत है इसमें किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और जैविक खेती कर उत्पादन बढ़ाने की सलाह दी। वहीं कर्मशाला में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि किसान कृषि कार्यों के साथ-साथ सरकार के अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी तरक्की की राह को प्रशस्त कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित किसानों को धान अधिप्राप्ति हेतू लैम्पस लिमिटेड के माध्यम से धान देकर राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे सम्मानजनक न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,400 रुपये प्रति क्विंटल राशि बैंक खाते में प्राप्त करने की सलाह दिए। मौके पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी पद्म किशोर महतो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी.दास, सहायक तकनीकी प्रबंधक रामेश्वर मुर्मू जनसेवक कुंदन कुमार, लिसू टुडू दिवेश मिश्रा, राजेन्द्र भगत सहित काफ़ी संख्या में कृषक मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

दो राज्यों की पुलिस ने मिलकर किया दो हत्यारोपी को गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज पड़ोसी राज्य बिहार के कटिहार ज़िला की अहमदाबाद पुलिस ने साहिबगंज जिले की मुफ़स्सिल थाना पुलिस के सहयोग से गुरुवार की रात विभिन्न इलाकों में छपामारी दो हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में मुफ़स्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि बीते दिनों बिहार के अहमदाबाद में हुए रविंद्र चौधरी हत्याकांड मामले के दो मुख्य आरोपी फरार चल रहे थे।अमदाबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि हत्यारोपी साहिबगंज में छुपे है। उक्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर दियारा निवासी शिवजी चौधरी एवं बलराम चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को अमदाबाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। वही अमदाबाद पुलिस दोनों को अपने गिरफ्त में लेकर वापस रवाना हो गई।

सरकारी विद्यालय से चोरों ने उड़ाए पंखे

साहिबगंज। शुक्रवार जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के निकट स्थित मध्य विद्यालय में बीती रात चोरी हो गई। चोर विद्यालय के एक कमरे से पंखा चोरी कर ले गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापक फ्लोरिया हेंब्रम ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि विद्यालय के चार क्लास से 5 पंखे की चोरी हुई है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।वही मामले में जिरवाबाड़ी पुलिस जॉच में जुट गई।

मिहिजाम थाना में दर्ज हुआ मारपीट का मामला

मिहिजाम- जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना में एक मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में सनातन मुर्मू ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके साथ नजायज मजमा बनाकर जान मारने की नियत से मारपीट की गई और उन्हें जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में 10 नामजद और 20-25 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नामजद अभियुक्तों में सनातन मुर्मू, विशेश्वर हॉसदा, अजीत मुर्मू, लखन मुर्मू, सनातन मुर्मू की पत्नी, पुरनचंद हासदा, नरेश हाँसदा, बोदका टुडू, बारिस हेम्ब्रम और सुरेश मुर्मू शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि घटना मिहिजाम थाना क्षेत्र के भागा गांव में हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

नौ दिवसीय शिवपुराण कथा का हुआ शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/नौ दिवसीय शिवपुराण कथा के पहले दिन शुक्रवार को शहर के कबूतरखोपी सकरूगढ़ हनुमान मंदिर कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 551 महिलाएं कलश लेकर शहर के मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए कबूतरखोपी चानन जनता घाट पहुंचकर विधिवत रूप से पूजन करके कलश में जल भरकर मुख्य मार्गो का भ्रमण करके कथा स्थल पहुंची।वही वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन होकर नौ दिवसीय शिव पुराण कथा का शुभारंभ हुआ।जिससे क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है।मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद सीमा देवी, सरिता देवी,सुरेन्द्र यादव,मनोज तांती,अवध बिहारी यादव, लोकनाथ यादव,दरोगा यादव, भरत यादव,इंदु देवी,रमवती देवी,ममिता देवी,कंचन देवी,राजेश यादव,रवि तांती,प्रेम महतो,लक्ष्मण राम,अनिल राम,नंदजी राम सहित समिति सदस्य व सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित थे।

विधायक के प्रयास से शुरू हुआ राजमहल जर्जर सड़क में पिचिंग कार्य

राजमहल। क्षेत्रीय विधायक एमटी राजा के प्रयास से राजमहल शहरी क्षेत्र के जर्जर सड़क के पिचिंग का कार्य शुक्रवार को शुरू हुआ।संवेदक के माध्यम से फुलवरिया से पिचिंग को शुरू कर नौगच्छी की ओर लाया जा रहा है। मालूम हो कि विगत 5 वर्षों से जर्जर सड़क के कारण धूल और गड्ढे में शहर के लोगों का जीना दुभर हो गया था लोग ना रखिए जिंदगी जीने को विवश थे।वही पिचिंग कार्य शुरू होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के समय किया गया वादा पूरा हुआ।अब लोगों को राहत मिलेगी। सीवरेज की वजह से टीचिंग कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी।विधायक जी के प्रयास से पथ निर्माण एवं नगर विकास के बीच समन्वय स्थापित कराकर कार्य को शुरू कराया गया है।शहर के व्यवसाइयों क्या कहना है कि हम लोगों का व्यवसाय भी विगत 5 वर्षों से प्रभावित था अब व्यवसाय में भी इजाफा होगी।

डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस ने जताया दुःख

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ । भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह- पाकुड़ जिला प्रभारी तनवीर आलम ने जिला कांग्रेस कार्यालय पाकुड़ में कार्यकर्ताओं के साथ 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान काफी संख्या में पहुंचे कांग्रेस के वरीय पदाधिकारीगणों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। वही तनवीर आलम ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने उपस्थित कांग्रेस जनों को डा मनमोहन सिंह की जीवनशैली की उम्दा पंक्ति को अपनाते हुए देश हित में अपनी योगदान साझा करने की अपील की। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, प्रदेश महासचिव उदय लखमणी, जिला कोषाध्यक्ष अरसद हुसैन, ए. गंगोली, मुख्तार हुसैन, सेमिनुल इस्लाम, देबू विश्वास, आमिर हमज़ा , रामविलास महतो,किशन पासवान, मोनिता कुमारी, संतु, शहनाज बेगम,सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इसलाम, नसीम आलम सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे ।

राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 व अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आयोजित कैंप के लिए जिले के 05 खिलाड़ी रांची रवाना

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम झारखंड सरकार द्वारा आगामी 05 से 08 जनवरी 2025 को रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु सोनोत मरांडी (06 किलो मीटर क्रॉस कंट्री) एवम 11 से 14 जनवरी 2025 को रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता , संतोष मुर्मू (लंबी कूद, 4 गुणा 100 मीटर रिले), इमानुएल किस्कू (80 मीटर हर्डल्स ,4 गुणा 100 मीटर रिले), अश्विन नागदुआर (200 मीटर ,4 गुणा 100 मीटर रिले),जमादार करई (ऊंची कूद) का चयन झारखंड राज्य टीम में किया गया है। सिदो कान्हु स्टेडियम स्थित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र के सभी प्रशिक्षु एथलीट रांची में आयोजित विशेष कोचिंग कैंप के लिए रवाना हो गए। सभी एथलीट झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा अक्टूबर माह में रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीत सराहनीय प्रदर्शन कर झारखंड टीम में स्थान बनाने में सफल रहे। उपायुक्त हेमंत सती ,जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू, जिला खेल समन्वयक ललित झा,खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल,निमाई चौधरी समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

पिकनिक मनाने, माली पाड़ा है प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर

संताल एक्सप्रेस पाकुड़।अंग्रेजी नव वर्ष 1 जनवरी आने में अब मात्र 4 दिन शेष रहे हैं । बाजार में बिकने वाले सभी कैलेंडर जनवरी से दिसंबर तक ही रहते हैं। अंग्रेजी नव वर्ष के अवसर पर बहुत सारे लोग इस दिन मनोरंजन और पिकनिक के तौर पर मानते हैं। कुछ लोग भगवान से पूरे वर्ष अच्छी और सफलता पूर्वक कटे इसके लिए प्रार्थना करते हैं, मंदिर जाते हैं पूजा पाठ करते हैं। सुखमय जीवन की आशीर्वाद ईश्वर से मांगते हैं। वहीं कुछ लोग मौज मस्ती और पिकनिक में अपना दिन व्यतित करते हैं। पाकुड़ के अधिकांश लोग पुराने सम्हरणालय के निकट लड्डू बाबू के आम बागान में पिकनिक मौज मस्ती करते हैं। किंतु अब यह स्थान पिकनिक योग्य नहीं रहा हे। अधिकांश आम के पेड़ काटे जा चुके हैं और घरों का निर्माण हो चुका है। ऐसे में पाकुड़ वासी नए स्थान की ओर रुख करेंगे। स्थान की तलाश में तो आपके लिए अच्छी खबर है। **पाकुड़ में पिकनिक मनाने योग्य स्थान*** पाकुड़ के नजदीक 1 से 3 किलोमीटर के भीतर ऐसे ऐसे स्थान है जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते हैं ।वहां की वादियां कश्मीर से काम नहीं है।और अगर बगान खोजते हैं तो आप लड्डू बाबू की जगह अली बाबू का आम बागान पिकनिक मनाने का एक सुंदर स्थल है। और यदि प्राकृतिक सौंदर्य चाहते हैं तो फिर आप माली पाड़ा से 100 कदम आगे बढ़ेंगे तो आपको प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शन करेंगे। आप नई महिला कॉलेज कुसमा डंगा रोड पर जाएंगे तो आप प्राकृतिक सौंदर्य देख पाएंगे और धूमधाम से शांति से पिकनिक बना पाएंगे। आप लोटामारा रोड से ऊपर मयूरकोला पहाड़ी पर पिकनिक मना सकते हैं। आप अपनी मोटरसाइकिल से इन स्थानों का निरीक्षण कर परिवार के साथ प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शांति माहौल में आप पिकनिक का आनंद ले सकते हैं। महिला कॉलेज की रोड बहुत अच्छी है पूरा पीसीसी सड़क है। पुलिस लाइन से मलीपाड़ा जाने में थोड़ी रोड उबड़ खबर मिलेगी। किंतु प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर। आप एक बार स्थल निरीक्षण जरूर करें ।भूल जाएंगे लड्डू बाबू का बगान। इसके अलावा थोड़ी दूर चलते हैं तो हरिनडूबा की पहाड़ धरनी पहाड़ आपका सहज ही मन मोह लेगा। अगर थोड़ा और आगे बढ़ेंगे तो दुर्गापुर का डैम का आप लुफ्त उठा सकते हैं। आप तस्वीरों में इनका एक झलक पा सकते हैं।

आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान।

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक सरोज कुमार एवं आरक्षी गुडडू कुमार सिंह के द्वारा जागरूकता अभियान लेबल क्रासिंग गेट स?ख्या 82 एवं किलोमीटर स?ख्या 232/2-3 ग्राम अंजुमन नगर, जिला साहिबगंज में चलाया गया जिसमें जनता को समपार फाटक बंद रहे तो यातायात नहीं करने, ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने,रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने, रेल लाइन के किनारे जानवर नहीं लाने,चलती ट्रेन पर नहीं चढ़ने ना ही उतरने सहित अन्य जानकारियां देते हुए महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।साथ ही रेल्वे के टोल फ्री नंबर 139 के बारे में भी जानकारी दी।

कर्मचारियों के हड़ताल से परेशान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा।बीएसके कालेज समेत पूरे एसकेएमयू में एक महीने से चल रहे कर्मचारियों के हड़ताल से परेशान हो रहे छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने स्टेट चेयरमैन थॉमस रॉबर्ट के नेतृत्व में महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने सात सूत्री मांग पूरा करने की मांग किया है।स्टेट चेयरमैन थॉमस ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी छात्रों को ही कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीएलसी टीसी निर्गत नहीं हो रहा है।इंटरमीडिएट की पंजीकरण एवं परीक्षा प्रपत्र भरने में विद्यार्थियों को कठिनाई हो रही है।यूजी सेमेस्टर 6 सत्र (2021-24) कि अभी तक प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं हुई है जिस कारण से परीक्षा फल में देरी हो रही है। यूजी सेमेस्टर 3 सत्र (2022-26) एनईपी एवं यूजी सेमेस्टर 3 ओल्ड कॉर्स की परीक्षा प्रपत्र भरा जा चुका है लेकिन अभी तक परीक्षा तिथि घोषित नहीं की गई है।अंक पत्र, प्रवेश पत्र, मूल प्रमाण पत्र आदि महाविद्यालय द्वारा नहीं दिए जा रहे हैं।जिससे छात्र उच्च शिक्षा और जॉब आदि में जॉइनिंग नहीं ले पा रहे हैं। वहीं छात्र नेता सोएब अक्तर ने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए बोनाफाइड निर्गत नहीं हो पा रहा है एवं अगर बोनाफाइड में त्रुटि है जिसे सुधार के लिए महाविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।सभी सेमेस्टरों की सत्र बहुत देरी से चल रही है। जिससे आने वाले समय में विद्यार्थियों को बड़े दिक्कतों से सामना करना पड़ता है।एनएसयूआई द्वारा स्पस्ट रूप से कहा गया कि कुलपति महोदय के नकारात्मक रवैये और छात्रों की हितों की सुरक्षा के लिए जल्द कड़े कदम उठाए जाएंगे।मौके पर एनएसयूआई से छात्र नेता रफ़त हुसैन,आर्यन खान,अभिषेक कुमार सहित अन्य मौजूद थें ।

राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल ने साहेबगंज जिला कमिटी का किया विस्तार

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल ने शुक्रवार को अपना जिला कमिटी का विस्तार किया।इस कार्य में जिले के कई प्रखंडो से लोगो ने अपना योगदान दिया।वही संगठन ने सभी को स्वागत करते हुए कहा की सभी संगठन के नियमों का पालन करते हुए राष्ट्र रक्षा, जीवन रक्षा,किसानों, गरीबों,महिलाओं,विद्यार्थियों व समाज के शोषित पिछड़े लोगों व मजदूरों पर होने वाले अन्याय को रोकने के लिए संघर्षशील रहेंगे एवं न्याय दिलाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे साथ ही समाज में आपसी भाईचारा की भावना को स्थापित करते हुए समाज को शिक्षित जागरुक बनाते हुए सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रयत्नशील रहते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।जिला अध्यक्ष विनय कुमार साह की अद्यक्षता में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यो की सूचि निम्न प्रकार है ञ्धनेश्वर साहा- जिला उपाध्यक्ष ,अरबिंद कुमार साह-जिला महासचिव,रोहित कुमार साह-जिला कोषाध्यक्ष, शंकर कुमार गुप्ता-जिला मंत्री, राहुल कुमार साहा-जिला गौ सेवा प्रमुख,घनश्याम कुमार साह-जिला मीडिया प्रभारी, मुकेश कुमार-कोर कमिटी सह मार्गदर्शक प्रमुख,अजय कुमार यादव-जिला प्रभारी,अजय ठाकुर-जिला महामंत्री,सरोज कुमार साह-कोर कमिटी सह मार्गदर्शक प्रमुख,श्रवण राजवंशी-कोर कमिटी सह मार्गदर्शक प्रमुख,राजकुमार ठाकुर-कोर कमिटी सह मार्गदर्शक प्रमुख को मनोनीत किया गया।वही सभी ने संगठन को बधाई देते हुए कहा की सभी बेहतर तरीके से संगठन के नियमो का पालन करते हुए समाज और देश हित में कार्य करेंगे।मौके पर दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

मौन मनमोहन सिंह के फैसलों का दम, सारी दुनिया मुरीद

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वर्तमान सत्ताधारी पार्टी ने उन्हें मौन प्रधानमंत्री के रूप में पहचान देने का प्रयास किया। लेकिन मनमोहन सिंह के फैसले हमेशा दम-खम वाले रहे हैं। उन्होंने जब भी बोला, नपा-तुला बोला। एक अर्थशास्त्री के रूप में उनका हर शब्द बहुमूल्य होता था। इसे सारी दुनिया ने स्वीकार किया है। डॉ मनमोहन सिंह की शिक्षा कैंब्रिज विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में हुई। पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमी में प्रोफेसर के रूप में उन्होंने काम किया। 1971 से उन्होंने भारत में आर्थिक सलाहकार के रूप में सेवा देना शुरू की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, चरण सिंह, राजीव गांधी, चंद्रशेखर, पीवी नरसिम्हा राव के साथ काम किया। उन्होंने हमेशा एक अर्थशास्त्री के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कई प्रधानमं?त्रियों और ?वित्त मं?त्रियों के साथ काम करने का लंबा अनुभव था। बैंकों का राष्ट्रीयकरण पंचवर्षीय योजनाओं के लिए मजबूत धन प्रबंधन, हरित क्रांति, योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने जो असाधारण कार्य किया है। इसकी प्रशंसा समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और उसके बोर्ड आफ गवर्नर्स में होती रही है। उन्होंने भारतीय एवं वै?श्विक अर्थ-व्यवस्था को नई ?दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान ?दिया है। 1998 मैं वह राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष बने। उस रूप में भी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई उनसे परामर्श लेते रहे हैं। 2004 से 2014 तक वह स्वयं प्रधानमंत्री बने। शिक्षाविद और अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह कभी राजनेता नहीं बन पाए। उन्होंने राजनीतिक नेतृत्व को 1971 के बाद से ही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जो योगदान दिया है। उसकी प्रतिपूर्ति किसी अन्य के द्वारा संभव हो, ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने 2004 से 2014 के बीच में एसे निर्णय किये, जिनकी सारी दुनिया में प्रशंसा हुई। शिक्षा का अधिकार कानून का उनके कार्यकाल में मौलिक अधिकार में जोड़ा गया। सूचना का अधिकार कानून, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था एवं प्रशासकीय व्यवस्था को पारदर्शी बनाया। उन्हीं के कार्यकाल में रोजगार गारंटी योजना मनरेगा आई। जिसकी सराहना विश्व बैंक ने भी की। इससे ग्रामीण अंचलों में विकास की नई गंगा बही। 2009 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का गठन उन्होंने ही किया था। जिसे आज आधार के नाम से जाना जा रहा है। 2006 में उन्होंने तमाम विरोधों के बावजूद भारत और अमेरिका के बीच में परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए। परमाणु हथियारों के मामले में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बना। भारत और अमेरिका के संबंध उन्हीं के कार्यकाल में मधुर होने शुरू हुए। डॉ मनमोहन सिंह ने भूमि अधिग्रहण कानून में सुधार किया। जिससे लोगों को उचित मुआवजा मिलने का रास्ता खुला। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून से दो तिहाई गरीब-गुरबों की आबादी को जोड़कर सबसे सस्ते रेट में खाद्यान्न उपलब्ध कराने की। व्यवस्था शुरू की 2008 में जब अमेरिका में आर्थिक मंदी आई थी। तब सारी दुनिया में भारत की खूब चर्चा हुई। अमेरिका की आर्थिक मंदी का कोई विशेष असर भारत के ऊपर नहीं पड़ा। इसको लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अर्थशास्त्र के मामले में अपना गुरु मान लिया। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह चूंकि राजनेता नहीं थे अतः उन्हें राजनेताओं जैसे छल कपट करना नहीं आता था। उनका प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का भी कोई मन नहीं था। जब भी उन्हें जो भी दायित्व सौंपा गया उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ उस दायित्व का निर्वाह किया है। एक शिक्षाविद के नाते संस्कारों के साथ उन्होंने हर दायित्व को बखूबी निभाया है।

डॉ. मनमोहन सिंहः आधुनिक भारत के आर्थिक बदलाव के सूत्रधार

– योगेश कुमार गोयल

देश के आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के साथ ही एक ऐसे नेता के युग का अंत हो गया, जिसने आधुनिक भारत के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की उम्र में 26 दिसंबर की रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। अपने शांत स्वभाव और बौद्धिक कौशल के लिए जाने जाने वाले मनमोहन सिंह ने भारत में ऐतिहासिक आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी। 1991 में व्यापक सुधारों का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को खोला, तथाकथित लाइसेंस-परमिट राज को खत्म किया और वैश्विक मंच पर भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनने के मार्ग पर मजबूती से स्थापित किया। एक शिक्षाविद, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ के रूप में उनकी यात्रा न केवल प्रेरणादायक रही बल्कि उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों और राजनीतिक निर्णयों ने भारत के इतिहास में एक नई दिशा दी। उन्हें आधुनिक भारत के आर्थिक सुधारों का वास्तुकार भी कहा जाता है।

डॉ. मनमोहन सिंह ने जुलाई 1991 में अपने बजट भाषण के अंत में फ्रांसिसी लेखक विक्टर ह्यूगो की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा था- दुनिया की कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती, जिसका समय आ गया है। मैं इस सम्मानित सदन को सुझाव देता हूं कि भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने आर्थिक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि की। 2004 से 2014 तक भारत 10वें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई थी। मनमोहन सिंह ने एक दशक से भी ज्यादा समय तक अभूतपूर्व विकास और वृद्धि की दिशा में देश को नेतृत्व प्रदान किया। उनके द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उदारीकरण के तहत लाइसेंस राज की समाप्ति और व्यवसाय शुरू करने के लिए सरल प्रक्रियाओं का निर्माण, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के दरवाजे खोलना और विदेशी व्यापार को प्रोत्साहित करना, कर ढ़ांचे को सरल और पारदर्शी बनाना, भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बाजार पर आधारित सुधार लागू करना, ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन के लिए 'मनरेगा' लागू करना शामिल हैं। इन सुधारों ने भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकाला और उसे विश्व अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया। भारत ने डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7 प्रतिशत रही और उसी के परिणामस्वरूप भारत करीब दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा था। उन्हें न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्हें न केवल उन कार्यों के लिए स्मरण किया जाता रहेगा, जिनके जरिये उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया जाएगा। उन्होंने न केवल आर्थिक विकास की गति को बनाए रखा बल्कि सामाजिक और विकासशील नीतियों पर भी जोर दिया। हालांकि उनका

कार्यकाल आलोचनाओं से भी अछूता नहीं रहा। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्हें आर्थिक चुनौतियों और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा और निर्णय लेने में धीमापन उनकी सरकार के लिए नकारात्मक साबित हुए। 2जी घोटाला उनके कार्यकाल के सबसे बड़े विवादों में से एक रहा। इसके अलावा कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले को 'कोलगेट' के नाम से जाना गया। उनके दूसरे कार्यकाल में आर्थिक सुधारों की गति धीमी रही।

22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह की छवि बेहद कम बोलने वाले और शांत रहने वाले व्यक्ति की रही। हालांकि जब भी वे कुछ बोलते थे, वह सुर्खियां बन जाती थी। मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि राजनीति में लंबे समय तक कोई दोस्त या दुश्मन नहीं होता। वह कहा करते थे कि मैं एक खुली किताब की तरह हूं और मेरे दस वर्ष का कार्यकाल इतिहासकारों के मूल्यांकन का विषय है। उन्होंने 27 अगस्त 2012 को संसद में कहा था कि हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी है, जिसने न जाने कितने सवालों की आबरू रखी। डॉ. मनमोहन सिंह को उनके अलोचकों द्वारा 'मूक प्रधानमंत्री' की संज्ञा दी जाती थी लेकिन उन्होंने आमतौर पर इस पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी। इस पर उनकी पहली प्रतिक्रिया दिसंबर 2018 में उनकी पुस्तक 'द चेजिंग इंडिया' के विमोचन के अवसर पर सामने आई थी, जब उन्होंने कहा था कि जो लोग कहते हैं कि मैं एक मूक प्रधानमंत्री था, मुझे लगता है कि मेरी ये पुस्तकें बोलती हैं।

बतौर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह लोकसभा में 23 मार्च 2011 को विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। उस दौरान सदन में नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज ने उन पर तंज करते हुए कहा था, 'तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां क्यों लुटा, मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।' इसके जवाब में डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था, 'माना के तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक तो देख मेरा इंतजार तो देख।' डॉ. मनमोहन सिंह ने जनवरी 2014 में बतौर प्रधानमंत्री अपनी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया के उन सवालों का जवाब देते हुए, जिनमें कहा गया था कि उनका नेतृत्व कमजोर है और कई अवसरों पर वे निर्णायक नहीं रहे, कहा था कि मैं यह नहीं मानता कि मैं एक कमजोर प्रधानमंत्री रहा हूं बल्कि मैं ईमानदारी से यह मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया या संसद में विपक्ष की तुलना में ज्यादा उदार होगा, राजनीतिक मजबूरियों के बीच मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। उन्होंने कहा था कि परिस्थितियों के अनुसार मैं जितना कर सकता था, उतना किया। यह इतिहास को तय करना है कि मैंने क्या किया है या क्या नहीं किया है। उनका कहना था कि मुझे उम्मीद है कि मीडिया की तुलना में इतिहास मेरा मूल्यांकन करते समय ज्यादा उदार होगा।

26 सितंबर 1932 को पंजाब (अब पाकिस्तान में) के गांव गाह में जन्मे मनमोहन सिंह का परिवार विभाजन के समय भारत आ गया था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में हुई थी, जिसके बाद उच्च शिक्षा के लिए वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गए, जहां उन्होंने अर्थशास्त्र में ट्रिपोस किया और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी.फिल की उपाधि प्राप्त की। उनकी उच्च शिक्षा ने उन्हें न केवल एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री बनाया बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य और आर्थिक सोच की गहराई भी प्रदान की। अपने कैरियर की शुरुआत उन्होंने भारतीय सिविल सेवा से की और बाद में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और भारतीय रिजर्व बैंक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी कार्य किया। वे 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और उस दौरान उन्होंने वित्तीय स्थिरता बनाए रखने तथा मुद्रा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत के आर्थिक इतिहास में 1991 का वर्ष एक निर्णायक मोड़ था क्योंकि उस समय देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डा. मनमोहन सिंह को वित्तमंत्री नियुक्त किया। वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने साहसिक आर्थिक सुधारों का नेतृत्व किया, जिनमें उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण प्रमुख थे। बहरहाल, राजनीति में डा. मनमोहन सिंह जैसे विद्वान बहुत ही कम देखने को मिलते हैं। उनकी सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी हमेशा संदेह से परे रही। वह एक ऐसा राजनेता थे, जिन्हें राजनीतिक सीमाओं से परे सम्मान प्राप्त था। कुल मिलाकर, तमाम आलोचनाओं के बावजूद डा. मनमोहन सिंह एक ऐसे नेता के रूप में याद किए जाएंगे, जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक स्थान दिलाया और भारत को आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दिया।

पाकुड़ की खबरें

एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में 227 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। शुक्रवार को जिला नियोजनालय, पाकुड़ द्वारा नियोजनालय कार्यालय परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें आठवीं से ग्रेजुएट पास युवक-युवतियों ने भाग लिया।आयोजित रोजगार मेलें में एस आईएस लिमिटेड, बिरसा सिक्योरिटी दुमका, सेवा सहयोग सिक्योरिटी × फेसिलिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, फुलएमबरी टेक्स्ट कॉम प्राइवेट लिमिटेड, कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, सन ब्राइट मेनपावर प्राइवेट लिमिटेड आदि नियोजकों ने भाग लिया। इस मेले में कुल-688 अभ्यर्थियों नें भाग लिया, जिसमें कुल 227 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इसके अलावा 374 अभ्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल कुमार, धीरज प्रसाद, शैलेश सिंह एवं रोजगार के लिए आए हुए अभ्यर्थी आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य हूल महोत्सव की दी गई जानकारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 जनवरी 2025 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ में स्वास्थ्य हूल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य मेला के संबंध में विस्तार से मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य हूल महोत्सव में रांची रिम्स के अनुभवी डॉ भारती कश्यप एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ मेले में शामिल होंगे। स्वास्थ्य हूल महोत्सव में जिले के वैसे महिला जिनको सर्वाइकल कैंसर हो या मोतियाबिंद से संबंधित समस्या हो वैसे महिलाओं का निःशुल्क जांच किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर राज्य स्तर पर ईलाज किया जाएगा। सिविल सर्जन ने वैसे महिलाएं जिनको सर्वाइकल कैंसर या मोतियाबिंद से संबंधित समस्याएं हैं व 04 जनवरी 2025 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य हूल महोत्सव में शामिल होने का अपील किया।

विशेष समुदाय के द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने को लेकर पहाड़िया समुदाय के लोगों ने किया विरोध

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)थाना क्षेत्र के पीर पहाड़ स्थित अवस्थित पीर मजार के पास नीचे सड़क किनारे विशेष समुदाय के लोगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने की मामला प्रकाश में आया है ।मामले को लेकर पहाड़िया समुदाय के लोगों के द्वारा विरोध करने पर उक्त जमीन से सम्बंधित विवाद उतपन्न हो गया । इधर विवाद को बढ़ते देख शुक्रवार को सीओ संजय कुमार सिन्हा,एसडीपीओ बिजय कुमार थाना प्रभारी विकर्ण कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर निरीक्षण करते हुए दोनों पक्ष के लोगों के साथ वार्ता किया इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों ने अपनी अपनी समस्या को रखा ।पहाड़िया समुदाय के लोगों ने विशेष समुदाय के लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों ने हमारी जमीन को जबरन कब्जा कर रहा है और बिन सूचना के ही रातों रात टीना व खुटा खम्भा से घर तैयार कर दिया दिया इज़की सूचना मिलते ही घर को हटाये जाने की मांग करने लगा ।पहाड़िया समुदाय के लोगों ने कहा कि पीर मजार केआड़ में ये लोग हमारी जमीन पर नजर गढ़ाए है और आज जबरन जमीन को कब्जा करने में लगा हुआ है । वहीं विशेष समुदाय के लोगों से पूछे जाने पर उन लोगो ने बताया कि आने वाले 4 फरवरी को यहां उर्स मेला होता है और मेला की तैयारी की जा रही है जिसको लेकर यह घर बनाया गया है । वहीं प्रशासन द्वारा दोनों पक्ष के लोगो से सुनने के बाद घर को हटा लेने का निर्देश दिया जबकि मुश्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि मेला के बाद हटा लिया जायेगा

।इस पर एसडीपीओ बिजय कुमार ने मुश्लिम समुदाय के लोगों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 4 फरवरी में आयोजित मेला संपन्न होते ही उक्त घर को हटा लेना है अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जायेगी इस बात बात पर दोनों पक्ष के लोगों ने सहमति देते हुए स्वीकार किया ।

कोयला चोरी मामले में 46 साइकिल सहित 14 लोग गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। नगर थाना की पुलिस ने शुक्रवार के तड़के ट्रेनी डीएसपी अजय आर्यन के नेतृत्व में छापेमारी कर कोयला चोरी से जुड़े 14 लोगों को 46 साइकिल सहित गिरफ्तार किया है।पुलिस की टीम ने तड़के लोटा मारा ,प्यादापुर और आसानडिप गांव के इलाके में छापेमारी की और कोयला चोरी में शामिल 14 लोगों को नगर थाना लाया। 14 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कर उन्हें शुक्रवार के अपराह्न में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस बाबत नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक हरदेव प्रसाद ने बताया कि कोयला चोरी के मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है ताकि आगे कोयला चोरी पर अंकुश लगाया जा सके।छापेमारी टीम में नगर थाना के पुलिस अफसर सनातन मांझी सहित दर्जनों पुलिस बल छापेमारी टीम में शामिल थे। इधर कोयला चोरी में गिरफ्तार लोगों की परिजन नगर थाना में आकर न्याय की गुहार लगाते दिखे।

कोयला लदे छह बाइक जब्त

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर(पाकुड़) अवैध रूप से कोयला के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस निरन्तर छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को पैनम पथ के सिलकुट्टी गांव निकट पुलिस ने औचक छापेमारी कर कोयला लदे छह बाइक को जब्त किया। वही मौके से बाइक सवार भाग निकला। थाना प्रभारी रंजन सिंह के नेतृत्व में पुलिसबल ने गांव के मुख्य पथ में अवैध रूप से ले जा रहे सभी बाइक को रोका।इस दौरान सभी बाइक चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने तत्काल कोयला सहित सभी बाइक को जब्त किया गया। बताते चले कि इस पथ से अवैध रूप से बाइक सहित पिकअप वैन में लादकर अन्यत्र बेचा जा रहा है। यह कारोबार बदस्तूर जारी है। बाइक में कोयला लोडकर सभी ईंट भट्ठा ऊंचे दामो पर बेचा जा रहा है। वही पिकअप वैन से अवैध रूप से कोयले को साहेबगंज सहित बंगाल भी तस्करी की जा रही है। इसको लेकर पुलिस ने बीते दिनों कड़ी कार्रवाई करते हुए कोयला लदे दो पिकअप वैन को जब्त भी किया गया था। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से कोयले की परिचालन किसी भी हालात में चलने नही दी जाएगी। छापेमारी कार्य निरन्तर जारी रहेगी।

माधोपाड़ा में ट्रांसफार्मर की हुई चोरी, ग्रामीण परेशान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के खांपुर पंचायत अंतर्गत माधोपाड़ा गांव में बिजली ट्रांसफार्मर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है । पिछले 23 दिसंबर की रात माधोपाडा गांव का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2024 की रात कादमपुर फुटबॉल मैदान में मेले का दिन था । उसी दिन चोरी ने गांव का ट्रांसफार्मर चोरी किया होगा।जब ग्रामीणों ने देखा की दो दिनों से एक बार भी गांव में बिजली नही आया । तब आसपास के गांव वालो से पता करने पर पता चला बिजली सही है लेकिन जब ग्रामीणों ने विधुत ट्रांसफार्मर देखने गया तो सबका होश उड़ गया । ट्रांसफर का तार आदि सब खुला हुआ पड़ा था तभी ग्रामीणों को पता चला की विद्युत ट्रांसफार्मर से कीमती सामान कॉपर, तेल एवं अन्य सामान चोरी हो गया है । पुलिस की ठोस कार्रवाई नहीं होने से ट्रांसफार्मर चोरों के हौसले बुलंद हैं।विधुत ट्रांसफार्मर चोरी के बाद बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई ।ग्रामीणों ने जल्द से जल्द विधुत बहाल करने की मांग विभाग से किया है । वही ग्रामीणों ने विधायक प्रो .स्टीफन मरांडी को भी अवगत कराया है । उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है । इस मौके पर हेमलाल सोरेन ,प्रकाश मुर्मू,सोनाराम मरांडी ,सोम मरांडी ,बुधिसाल टुडू ,कालीचरण सोरेन ,श्यामलाल सोरेन ,शिवलाल हेंब्रम ,कलम हंसदा समेत अन्य मौजूद थे ।

झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक लिए गए कई निर्णय

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई पाकुड़ की एक बैठक झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रांची के महासचिव राम रंजन सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सैकड़ो विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं झारखंड सरकार द्वारा निशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत मान्यता हेतु विचार विमर्श किया गया। अधिकांश स्कूलों ने बताया कि सरकार द्वारा जारी नियम कानून मान मानक बहुत कठिन है। आज के समय में कुछ स्कूल छोड़ दिया जाए तो अधिकांश स्कूल इसे पूरा करने में असमर्थ है। सरकार को मान्यता देने हेतु सरल मान मानक तय करना चाहिए था । किंतु सरकार ने ऐसा नहीं किया । इस बाबत पूर्व से अदालत में मामला चल रहा था जिसका फैसला सुरक्षित है। तत्काल मामलों को लेकर स्ट्रे लगा हुआ था। केंद्र सरकार के आदेश के आलोक में पुनः मान्यता लेने हेतु कुछ जिलों में नोटिस किया गया है। जिसे झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाते हुए आगे की रणनीति तैयार कर रही हैं। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की महासचिव राम रंजन कुमार सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्य स्तरीय बैठक में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री, मंत्री, शिक्षा मंत्री, आदि से वार्तालाप की जाएगी। और यदि बात नहीं बनी तो कानून का सहारा लिया जाएगा। किसी भी प्रकार से विद्यालय को बंद होने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए व्यापक जन आंदोलन होगा। मौके पर जिला अध्यक्ष गेब्रियल मुर्मू जिला सचिव राजकुमार भगत, सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड सचिव, सहित रफीकुल इस्लाम, जय दत्ता, नयन सेन, अजय गुप्ता विवेक गुप्ता, एसटी जैवियर एम एस बड़तल्ला,एस एम एस मिडिल स्कूल पाकुरिया, विपिन कुमार दास जूलियस सोरेन, राजेश भगत, इमानुएल हेंब्रम, श्रीनाथ मुर्मू, हेमंत हसदा, माइकल मरांडी, मोहन मुर्मू, अमित कुमार ठाकुर, अर्जुन मुर्मू, श्रीनाथ मरांडी, विजय टुडू, अजय कुमार मिश्रा, अरुणा हेंब्रम, फेकारू शेख, रैहन राही, आरिफ हुसैन, अब्दुल रहीम अंसारी, मुकेश कुमार मनीरूल इस्लाम, एमडी मकबूल, जौहर शैख, राजकुमार भगत, आदि अनेक विद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बाइक हुआ अनियंत्रित, चालक घायल

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहिबगंज हाइवे रोडगो के समीप गुरुवार देर शाम एक मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे चालक रॉबिन पहाड़ियां उम्र 45वर्ष घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोटर साईकिल चालक जेएच 04एस 1119 से लिट्टीपाड़ा से धरमपुर मोड़ की ओर जा रहा था ठीक रोडगो के समीप मोटर साईकिल का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर लिट्टीपाड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक ईलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया।

होल्डिंग टैक्स के बकाएदारों को नोटिस, नगर निगम ने दिया अंतिम अल्टीमेटम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नगर निगम में होल्डिंग टैक्स के बकाएदारों पर शिकंजा कसना आरंभ कर दिया है। इसके लिए बकायेदारों को चिह्नित कर नोटिस भेजने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को वार्ड न0 17 के होल्डिंग के बड़े बकायेदारों के यहाँ विजिट किया गया एवं अंतिम नोटिस दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पता चला कि बहुत ऐसे होल्डिंग धारक ऐसे हैं जिनका टैक्स लाखों में बकाया है। इन लोगों को नगर

निगम के द्वारा अंतिम चेतावनी दी गई है की अपना बकाया टैक्स जल्द जमा करें। अन्यथा झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के धारा 184 के तहत क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी। बड़े बकायेदारों में श्री लेदर (जटायु मोड़) 58,000,धर्मेंद्र कुमार(बरमसिया वार्ड 25) नीरज कुमार अभिजिता कुमारी-36000 वार्ड 15 ,जितेंद्र कुमार वार्ड 15 के 26000 पतंजलि हॉस्पिटल एन्ड स्टोर - 56000 हजार बकाया हैं। जिनका बकाया पिछले 5से 6सालों से है। सूत्रों से पता चला है की अब इन बड़े बकायदारों का नगर निगम नियमानुसार चल अचल संपत्ति की जप्ती एव कुर्की भी कर सकती है। नगर निगम सभी होल्डिंग धारकों से अपील करती है की वो अपना होल्डिंग टैक्स समय पर जमा करें एवं जुर्माने से बचें। इस अभियान में नगर निगम के पदाधिकारी सिटी मिशन मैनेजर हिमांशू शेखर सहित पीएमयू के विनय जारीवाल एसपीएस के मोहित मिश्रा,हरेराम यादव,अमर देव,अवकाश देव,अमित बाजपेयी मौजूद थे।

पिकअप-ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोग घायल

देवघर । पिकअप-ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। हादसे में घायल पांच लोगों को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का नाम उर्मीला देवी, मालती कुमारी, खुशबू कुमारी, जीतन कुमारी और ऑटो चालक चंदन कुमार हैं। घटना की बावत बताया जाता है कि सभी कुंडा थाना क्षेत्र के करनीबाग से ऑटो से बासुकीनाथ पूजा करने जा रहे थे। उसी क्रम में तालझारी के पास एक अज्ञात पिकअप वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दिया। जिससे इस घटना में ऑटो पर सवार सभी लोग घायल हो गये। वहीं धक्का मारने के उपरांत पिकअप चालक मौके पर वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

कार्यालय, नगर परिषद, पाकुड़

पत्रांक ...../न0प0, पाकुड़ दिनांक .....

-: आवश्यक सूचना :-

शहरी क्षेत्र नगर परिशद, पाकुड़ अन्तर्गत कुल– 21 वार्ड निहित हैं। झारखण्ड नगरपालिका अधिनिमय, 2011 की धारा 426 के तहत् सक्षम स्तर, कार्यपालक पदाधिकारी के बिना अनुमति के निर्माण कार्य प्रतिशेध है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी क्षेत्र, पाकुड़ में बगैर कार्यपालक पदाधिकारी के अनुमति के किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करेंगे, या भवन निर्माण से संबंधित किसी कार्य का निश्पादन या किसी विद्यमान भवन में रूपांतरण, परिवर्धन या परिवर्त्तन नहीं करेंगे, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम– 2011 की सुसंगत धारा के तहत् आवश्यक कानुनी एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी, जिसके जिम्मेवार आप स्वयं होंगे।

01. कोई व्यक्ति नगर परिशद क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी के अनुमति के बिना भवन या आकृति या किसी संरचना का निर्माण नहीं करेंगे। बने हुये भवन में किसी प्रकार का परिवर्त्तन नहीं करेंगे, अन्यथा ऐसा करने पर एक लाख से दस लाख रू0 तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही जुर्माने के साथ– साथ कारावास हो सकता है। (झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम– 2011 की धारा 427)।
02. कार्यपालक पदाधिकारी के अनुमति के बिना बने हुये Structure/भवन/संरचना को ढहाया जा सकता है। (झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम– 2011 की धारा 427, 428, 429, 430 एवं अन्य सुसंगत धारायें)।

प्रशासक,
नगर परिषद, पाकुड़

PR 343049 Urban Development (24-25)_D

इंटक एवं महिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

देवघर संताल एक्सप्रेस । जलसार रोड स्थित देवघर जिला इंटक के कार्यालय में इंटक एवं महिला कांग्रेस ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी के सदस्य सुधीर कुमार देव, देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला देवी, देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राहुल राज, देवघर जिला इंटक की उपाध्यक्ष नाहिदा सुल्तान, सचिव राधा पाल, अभिषेक सिंह, प्रभु दास, सदाशिव राणा, युवा कांग्रेस के देवघर नगर अध्यक्ष आशुतोष पासवान, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार एवं राजेश कुमार, नीरज कुमार, राहुल, शुभम, राजा, मुकेश इत्यादि प्रमुख थे। सर्वप्रथम इंटक एवं महिला कांग्रेस के नेताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर डॉ मनमोहन सिंह की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

मंत्री हफीजुल ने खुद दूल्हे की गाड़ी ड्राइव कर दिखाई अलग शान, बारात का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

संवाददाता

मधुपुर । पिरे तरीकत सूफी शाह कुर्बान अली चिश्ती के नवासी, मास्टर मोहम्मद इकबाल अंसारी की पुत्री और मदीना मोहल्ला निवासी ÷नूर चमन÷ ने निकाह के पाक बंधन में बंधकर नई जिंदगी की शुरुआत की। उनकी शादी मोहम्मद मोइनुद्दीन के पुत्र मोहम्मद गुलजार अहमद से इस्लामी रस्मो-रिवाज के साथ संपन्न हुई। इस मौके पर हजरत मौलाना अब्दुल हकीम साहब ने निकाह की रस्में अदा कीं। इस शादी का सबसे खास और चर्चा में रहने वाला पल तब आया,जब झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण और जल संसाधन मंत्री,हरदिल अजीज विधायक हफीजुल हसन खुद दूल्हे की गाड़ी ड्राइव करते हुए बारात को दुल्हन के घर लेकर पहुंचे। उनके इस अलग अंदाज ने सबका ध्यान खींचा। दुल्हन के घरवालों और मोहल्ले के लोगों ने गर्मजोशी के साथ बारातियों का स्वागत किया और मंत्री के इस

अंदाज को खूब सराहा। इस यादगार मौके पर स्वादिष्ट पकवानों से मेहमानों की आवभगत की गई,और नई जोड़ी के लिए सलामती की दुआएं मांगी गईं। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगर पर्षद अध्यक्ष फैयाज केसर,बसपा के वरिष्ठ नेता जिया उल हक टार्जन,एडवोकेट लुकमान अंसारी,जमील अनवर,पत्रकार एजाज अहमद,अरशद मधुपुरी, अख्तर हसनैन कादरी और मास्टर शोएब आलम समेत सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए। दोनों परिवारों ने इस शुभ अवसर पर आए सभी मेहमानों को धन्यवाद दिया और नए जोड़े के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।

Labour Employment, Training and Skill Development Department, Jharkhand Ranchi
Industrial Training Institute, Dumka

TATA MOTORS Interview Date – 04/01/2025
CAMPUS PLACEMENT DRIVE
ITI पास छात्रों के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ
Apprenticeshipके तहत्कार्य करने का सुनहरा मौका!

Qualification: ITI Pass in TradesFitter, Electrician, Welder, MMV, Mechanic Diesel, Machinist, Turner

Monthly Stipend as per Govt. Norms under Apprenticeship act.
Canteen Free of Cost.
PPE & Uniform Free.
Transportation in Subsidized Rate.
Leave as per company rule.
Age – 18 to 25 yrs as on interview date

Certification – One Year in Plant Training Certificate by TML & NAC Certificate by Govt. after passing the test.

Placement Address
Government ITI Dumka. Pakur Road, Sriamra, Dumka. Jharkhand - 814101

PR 342967 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने को लेकर कार्यशाला का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को इस क्षेत्र में नई संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से,क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र ,जादवपुर विश्वविद्यालय,कोलकाता,राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (आयुष मंत्रालय,भारत सरकार) और चेतना विकास के संयुक्त प्रयास से रामराज आश्रम, देवघर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में झारखंड के देवघर, दुमका,गिरिडीह,धनबाद, और साहेबगंज जिलों एवं बिहार के जमुई जिले के 150 से अधिक किसानों, वैद्यों,आदिवासियों, स्वयंसेवी संगठनों,उद्यमियों, आयुर्वेदिक कंपनियों,मार्केटिंग एजेंसियों और अन्य संबंधित हितधारकों ने भाग लिया।कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को औषधीय पौधों की खेती की तकनीकी जानकारी देना, उनके उत्पादन को प्रोत्साहन देना और विपणन के अवसरों से परिचित कराना था।

बरनवाल समाज ने महाराजा अहिवरण की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शुक्रवार को बरनवाल युवक संघ, देवघर के द्वारा ÷बरनवाल जाति के आदि पुरुष महाराजा अहिवरण की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता बरनवाल युवक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वोत्तम बरनवाल ने की। सुबह से ही चल रहे इस भव्य कार्यक्रमों को तीन चरणों में आयोजन किया गया।

1. प्रथम चरण में बरनवाल समाज के महिला, पुरुषों व बच्चों के द्वारा एक विशाल शोभा यात्रा निकाला गया। इस शोभा यात्रा को सफल बनाने हेतु बोकारो से चल कर आए पूर्व विधायक विरंची नारायण ने झंडा दिखाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस शोभा यात्रा में अनेक मनमोहक झांकियां भी देखने को मिली।

2. दूसरे चरण में शाम को महाराजा अहिवरन की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतवर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि भूषण बरनवाल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप बरनवाल,पूनम बरनवाल,औंकार नाथ बरनवाल,रविंद्र बरनवाल, एवं सुधांशु शेखर बरनवाल थे। इसके साथ ही

बरनवाल समाज में प्रमुख योगदान देने वालों को सम्मान प्रदान किया गया। मंच संचालन बरनवाल सेवा समिति के सचिव आदित्य बरनवाल एवं राकेश बरनवाल , मीनाक्षी बरनवाल ने किया । 3.तीसरे चरण में बरनवाल महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा एक से बढकर एक संस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन समाज के ही प्रहलाद बरनवाल ने किया। इस सफल आयोजन में जिला अध्यक्ष सर्वोतम बरनवाल के सचिव पंकज बरनवाल,कोषाध्यक्ष नीरज बरनवाल,उपाध्यक्ष अजय मोदी, सागर बरनवाल,पिंकू बरनवाल, विश्वनाथ बरनवाल,अमित सत्संगी, राजन शशि,राजेश कुमार बरनवाल, पंकज बरनवाल,परमानंद बरनवाल, राजकुमार बरनवाल (अधिवक्ता),संजीत कुमार बरनवाल,पंकज बरनवाल (गब्लू), सरिता बरनवाल (महिला अध्यक्ष), प्रेमलता बरनवाल, मंजू बरनवाल,रेखा बरनवाल,मीनू बरनवाल,इंदु बरनवाल,पूजा बरनवाल,डॉ कुमार गौरव,भीम प्रसाद बरनवाल,प्रो रंजीत बरनवाल,डॉ गोपाल प्रसाद बरनवाल,डॉ सुनील बरनवाल,डॉ कमल किशोर बरनवाल, सी. एम. भारती,राजकुमार बरनवाल (अधिवक्ता),संजीत कुमार बरनवाल,पंकज कुमार बरनवाल, सरिता बरनवाल (महिला अध्यक्ष), प्रेमलता बरनवाल,मंजू बरनवाल, रेखा बरनवाल,मीनू बरनवाल,इंदु बरनवाल,पूजा बरनवाल,भीम प्रसाद बरनवाल,का भी योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण रहा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,दुमका
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दुमका।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 06.01.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 07.01.2025 के 3.00 बजे अपराहृण तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.01.2025 के 3.30 बजे अपराहृण में।
5. परिमाण विपत्र ब्रिकी का स्थान :–
   1. मुख्य अभियंता (या0) , पथ निर्माण विभाग , झारखंड, रॉची इंजिनियर्स होस्टल, गोलचक्कर, धुर्वा, राँची का कार्यालय।
   2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दुमका का कार्यालय।
   3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, दुमका काकार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 2, 3 एवं 4 में अंकित तिथि ए वं समय अनुसार। क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालयों में निविदा प्राप्त एवं खोली जाएगी।
7. कार्य की विवरणी निम्न प्रकार है:–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	वित्तीय वर्ष 2024 –25 के गैर योजना विवेकाधीन मद अंतर्गत 26 जनवरी 2025 (गणतंत्र दिवस) के उपलक्ष्य में दुमका–हवाई अड्डा पथ सहित अन्य पथों में झाड़ी कटाई, पेड़ों की रंगाई, बिजली खम्भों की रंगाई एवं साज–सज्जा सहित अन्य कार्य।	3,50,000.00	7,000.00	750.00	दस दिन

1) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करना होगा।
2) निविदा के संबंध में किसी विशेश जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।
3) झारखण्ड पथ निर्माण विभाग, राँची का संकल्प संख्या 2146(एस) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163(ए) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। साथ ही JPWD Code के 163(ए) को डिलीट किया जाता है। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional performance security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (क) 10 से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ख) 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे। वैद्य एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निश्पादन के प्राधिकार द्वारा पारदर्शी तरीके से लाटरी (lottery) की पद्वति अपनायी जायेगी। यह प्रावधान झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका–163(ई0) के रूप में समाहित होगा तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमंडल, दुमका

PR 342955 Road(24-25)D

डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

देवघर संताल एक्सप्रेस । भंडारकोला स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में लगातार दो बार प्रधानमंत्री रह चुके, पद्मविभूषण से अलंकृत, महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह को समस्त विद्यालय परिवार ने श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि सभा में उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया गया और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ अवस्था में पहुंचाने में डॉक्टर मनमोहन सिंह का अहम योगदान था। विश्व स्तर पर अर्थ व्यवस्था के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु उन्हें यूरोमनी पुरस्कार और एशियामनी पुरस्कार से भी नवाजा गया।

शीत लहर जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गयी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शीत लहर जागरूकता प्रभात फेरी को पुराना सदर अस्पताल में जिला कुछ निवारण पदाधिकारी डॉ मनोज गुप्ता,जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ मनीष शेखर,डीपीसी प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शीत लहर कार्यशाला का आयोजन सदस्य अस्पताल के सभागार में किया गया। जिसमें शीत लहर से बचने के उपाय के बारे में बताया गया की पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने,नियमित रूप से गर्म पानी पीते रहे, जरूरत ना हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचे विशेष कर वृद्ध एवं बच्चे, ठंडा खाना ठंडा पेय पदार्थ पिने से बचे बच्चों के तापमान की जांच करते रहे। कार्यशाला में जिला वी बी डी पदाधिकारी डॉ अभय यादव,महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष

शेखर डीपीएम समरेश सिंह ,डीपीसी प्रवीण सिंह एस टी टी ,बी टी टी एवं सहिया आदि उपस्थित थे।

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का हुआ उद्घाटन

देवघर संताल एक्सप्रेस । पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी के द्वारा सदर अस्पताल में दीप प्रज्वलन करके किया गया। उद्घाटन अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी ने कहा की नसबंदी के बाद किसी भी तरह की कमजोरी या थकान नहीं होती,आप अगले दिन से कम पर जा सकते हैं। जबकि महिलाओं को बंध्याकरण करने में दस से पंद्रह दिन तक का वेड रेस्ट करना पड़ता है। पुरुष नसबंदी सिर्फ 10 मिनट में ना टांका ना कोई चीर ना कोई पीड़ा होती है। यह विश्वसनीय आसान स्थायी एवं भय मुक्त परिवार नियोजन विधि है। नसबंदी के बाद लाभार्थी सामान्य रूप से दैनिक कार्य कर सकते हैं और ऑपरेशन के बाद आधे घंटे में घर जा सकते हैं। इसके लिए पूरे जिले के सहिया एवं परिवार नियोजन बी टी टी को प्रति सहिया दो पुरुष नसबंदी करने का लक्ष्य दिया गया है। इस अवसर पर पुरुष जागरूकता रथ को डीपीएम डीपीसी के द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया।कार्यक्रम में जिला वी बी डी पदाधिकारी डॉ अभय यादव,महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष शेखर डीपीएम समरेश सिंह,डीपीसी प्रवीण सिंह ,पी एस आई प्रतिनिधि,एस टी टी ,बी टी टी एवं सहिया आदि उपस्थित थे। उद्घाटन से पूर्व प्रात÷पुरुष नसबंदी जागरूकता प्रभात फेरी पुराना सदर अस्पताल में जिला वी बी डी पदाधिकारी डॉ अभय यादव डीपीसी प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सबकी योजना, सबका विकास अभियान को लेकर प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता

मधुपुर । जिले के उप विकास आयुक्त के निर्देश पर ÷सबकी योजना, सबका विकास÷ अभियान के तहत मधुपुर प्रखंड सभागार में सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज जोर-शोर से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर महेश कुमार राम और ट्रेनर विशाल कुमार ने प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास की योजनाओं पर व्यापक प्रशिक्षण दिया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, जलसहिया,वार्ड सदस्य और महिला दीदियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।पहले दिन का कार्यक्रम थोड़ा धीमा शुरू हुआ, क्योंकि कई पंचायत सेवक मनरेगा योजना से संबंधित जनसुनवाई में व्यस्त थे। बावजूद इसके, पहुंचे हुए प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया।ट्रेनिंग सत्र के दौरान, वर्ष 2024-26 तक तैयार की जाने वाली विकास योजनाओं को समझाने पर खास जोर दिया गया। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि कैसे अपने गांव की योजनाओं को जमीनी स्तर पर अमल में लाया जाए, ताकि हर कोई विकास योजनाओं का सही लाभ उठा सके।

समाहरणालय, गोड्डा
(जिला समाज कल्याण शाखा)
E-Mail ID-dswogodda@gmail.com, dswo-dswogodda.jh@gmail.com

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2024

परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–57, दिनांक–02.03.2024, पत्रांक–133, दिनांक–09.05.2024, पत्रांक–140, दिनांक–17.05.2024 एवं महिला, बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक–WW-22/12/2015-WW(e-2707), दिनांक–22.02.2024 विभागीय पत्रांक –486, दिनांक–22.02.2024 के द्वारा मिशन शक्ति के घटक संबल के तहत् वन स्टॉप सेन्टर के अन्तर्गत बचाव की स्थितियों से निपटने, जाँच, परिवार के साथ पुनः एकीकरण, हिंसा से प्रभावित महिलाओं की चिकित्सा, विधिक और पुलिस सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाने एवं सार्वजनिक जागरूकता तथा वाहनों की दृश्यता सुनिश्चित करने हेतु 01 (एक) चार पहिया वाहन (Commercial Vehicle- Scorpio/Bolero) की आपूर्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक–1049, दिनांक–18.06.2024 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक–13.07.2024 को चयन समिति के द्वारा कोटेशनदाता के द्वारा कोटेशन में दर अधिक अंकित एवं अलग से विभिन्न तरह के चार्ज अतिरिक्त लगाने के कारण चयन समिति के द्वारा कोटेशन को अस्वीकृत किया गया एवं पुनः कोटेशन/निविदा आमंत्रित करने का निदेश प्राप्त है। तत्पश्चात् पुनः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/संस्थाओं से दिनांक–04.01.2025 के अपराहृन समय–01:00 बजे तक निम्नांकित शर्तों के तहत् कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

आवश्यक शर्तें :–

1. आपूर्ति हेतु प्रस्तावित वाहन का निबंधन वाणिज्य वाहन (Commercial Vehicle- Scorpio/Bolero) के रूप में होना अनिवार्य होगा।
2. कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ पेन कार्ड एवं GST/Aadhar Card की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. कोटेशनदाता का कोटेशन के साथ वाहन चालक का ड्राईविंग लाईसेंस स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सफल आपूर्तिकर्त्ता को वाहन चालक सहित 24 x 7 उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।
5. वैसे इच्छुक वाहन आपूर्तिकर्त्ता जो निविदा के सफल होने के उपरांत नई वाहन क्रय कर आपूर्ति करेंगे :–
   - उन्हें कोटशन के साथ कुल–10000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्रॉफ्ट जमानत राशि के रूप में जमा करना होगा। बैंक ड्रॉफ्ट जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गोड्डा के नाम से निर्गत एवं गोड्डा में भुगतेय होगा।
   - असफल कोटेशनदाता को जमानत राशि बैंक ड्रॉफ्ट अविलंब वापस कर दिया जायेगा।
   - सफल कोटेशनदाता को वाहन आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर उपयोग हेतु वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा जमानत राशि जप्त कर ली जायेगी एवं उनके विरूद्ध नियमाकुल आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।
6. वाहन के विपत्र का भुगतान मासिक किया जायेगा।
7. वाहन के रख रखाव, मरम्मती इत्यादि के खर्च का वहन वाहन आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा किया जायेगा।
8. चालक के पारिश्रमिक का भुगतान वाहन आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जायेगा।
9. सेवा में त्रुटि पाये जाने अथवा वाहन की आवश्यकता नहीं रहने की स्थिति में वाहन को मुक्त कर दिया जायेगा।
10. वाहन आपूर्तिकर्त्ता के चयन का अधिकार उपायुक्त, गोड्डा के पास सुरक्षित रहेगा।
11. कोटेशन के साथ संलग्न कागजातों के सत्यापन के उपरांत न्यूनतम दर के आपूर्तिकर्त्ता को वाहन आपूर्ति के लिए स्वीकृत किया जायेगा।
12. किसी भी समय बगैर कारण बताये इस सूचना को रद्द किया जा सकता है।
13. कोटेशदाता निबंधित डाक द्वारा/हाथों–हाथ सील बंद लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गोड्डा में दिनांक–04.01.2025 के अपराहृन समय–01:00 बजे तक कोटेशन प्राप्त किया जायेगा।
14. लिफाफा के ऊपर स्पष्ट रूप से आपूर्तिकर्त्ता का पता एवं निविदा आवंटन सूचना लिखना आवश्यक होगा। लिफाफा के ऊपर निविदा आमंत्रण सूचना नहीं लिखे जाने के स्थिति में कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त, गोड्डा के आदेशानुसार।
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गोड्डा।

PR.NO.342954 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

गोड्डा प्रीमियर लीग का सेमीफाइनल मुकाबला आज

गोड्डा । जीपीएल सीजन - 11 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को सुबह 8.45 बजे गोड्डा ब्लास्टर एवं गोड्डा टाइगर के बीच खेला जायेगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल 12.45 श्वद्व में गोड्डा रॉयल्स बनाम नंदन वॉरियर्स के बीच खेला जायेगा। फाइनल मुकाबला रविवार को दोपहर 11.30 से खेला जाएगा। जिला सचिव रंजन कुमार ने बताया कि फाइनल मैच के अवसर पर 2 अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर का गोड्डा की धरती पर आगमन हो रहा है। सौरभ तिवारी के साथ मोनू सिंह भी गोड्डा पहुंच रहे हैं। मोनू सिंह अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज रह चुके हैं।

शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद का अभियान लगातार जारी

गोड्डा । नगर क्षेत्र में अतिक्रमण पर नगर परिषद का बुल डोजर लगातार चलाया जा रहा है। ताकि नगर की मुख्य सड़कों की अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जा सके। वहीं शुक्रवार को शहर के कारगिल चौक से लेकर हटिया चौक तक की सड़कों से नगर परिषद के द्वारा व्यापक पैमाने पर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार, सिटी मैनेजर रोहित कुमार गुप्ता व नगर परिषद के अन्य कर्मी मौजूद थे। इस दौरान बताया गया कि वरीय पदाधिकारी के आदेश अनुसार शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है जो लगातार जारी रहेगी। इस दौरान कारगिल चौक से हटिया चौक तक की सड़कों के किनारे अतिक्रमण किए गए जगहों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई थी वैसे दुकानदार जिन्होंने दुकान को अपनी सीमा से बाहर लगाकर सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है खुद से हटा लें और आगे से सड़कों पर दुकान न लगाएं। साथ ही दुकान के बाहर किसी भी प्रकार का वाहन न लगने दें जिससे सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। अन्यथा वैसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वैसे लोग जो सड़कों पर जहां यहां वाहन खड़ी करते हैं उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी साथ ही चालान भी काटा जाएगा।वहीं बीते गुरुवार को कारगिल चौक से मेला मैदान तक की सड़क से अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ दुकानदारों के साथ नोंकझोंक हुई थी जिसके बाद मौके पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के पुत्र रजनीश यादव पहुंचे थे और आम जनता-प्रशासन के बीच मध्यस्थता का काम किया।वहीं कुछ दुकानदारों का कहना था की लोगों ने ऋण लेकर दुकान खोली है, ऐसे अचानक अतिक्रमण अभियान हो जाने की वजह से परेशानी होती है। बहरहाल शहर में जाम की समस्या विकराल हो चुकी है। शहर में कई जगह दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। नगर परिषद द्वारा सड़क जाम की समस्या से निजात के लिए उक्त कार्रवाई की जा रही है। नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में शहर के अन्य मार्ग पर भी अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा।

गोड्डा प्रीमियर लीग -11

गोड्डा रॉयल्स एवं गोड्डा ब्लास्टर ने जीते अपने अपने मुकाबले - सेमीफाइनल मुकाबला आज

गोड्डा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित गोड्डा प्रीमियर लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में गोड्डा रॉयल्स एवं गोड्डा ब्लास्टर ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में गोड्डा रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 156 रन का स्कोर खड़ा किया। कप्तान पीयूष कुमार ने सर्वाधिक 43 रन की पारी खेली।जवाब में एस आर के म्यूजिक की टीम 121 रन पर ऑल आउट हो गई। मोहित सिंह ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। हर्षित झा ने 3 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पीयूष कुमार को वरिष्ठ क्रिकेटर ब्रजभूषण सहाय के द्वारा दिया गया।दूसरे मैच में गोड्डा ब्लास्टर ने एस टी ब्रदर्स को 8 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एस टी ब्रदर्स के टीम सिर्फ 100 रन पर ऑल आउट हो गई। अजय मांझी ने सर्वाधिक 24 रन की पारी खेली। फरहान, संतोष एवं नीतीश ने 2- 2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में गोड्डा ब्लास्टर ने सिर्फ 10 ओवर 5 गेंद में 2 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाकर मैच जीत लिया। संतोष विराट ने 45 रन एवं रंजीत ने 35 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संतोष विराट सिंह को मात्री सेवा सदन के मालिक जफर अंसारी के द्वारा दिया गया।अंपायर की भूमिका में इफ्तेखार शेख एवं ओ पी रॉय, स्कोरर की भूमिका में ज्ञानरंजन तथा कॉमेंटेटर की भूमिका में मोहम्मद किरमान अंसारी एवं सुरेंद्र कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के सदस्य संजीव कुमार, सनोज कुमार, मुकेश मंडल, शिव कुमार यादव, सुप्रकाश रंजन, अजीत कुमार, दीपक यादव, वीरेंद्र मंडल, देवाशीष बजाज सहित अन्य उपस्थित थे।

साइबर के गढ़ में शिक्षा का बढ़ा कद, झिलुआ का अभिषेक बना चार्टर्ड अकाउंटेंट

जामताड़ा ॅ साइबर अपराध का गढ़ माना जाने वाला नारायणपुर थाना क्षेत्र के झिलुआ गांव में शिक्षा का कद बढ़ा हुआ दिखाई दिया। इसी झिलुआ गांव के अभिषेक ने अपराध के मिथक को तोड़ते हुए एक नया कृतिमान स्थापित किया है। अभिषेक मंडल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर ना केवल अपने माता-पिता का बल्कि जिला का भी नाम रौशन किया है। इतना ही नहीं साइबर गढ़ के उन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है जो अपनी क्षमता का उपयोग सही दिशा में करके अपनी अलग पहचान बनाई और साइबर कलंक के दाग को धोने का काम किया। अभिषेक मंडल एक बहुत ही साधारण परिवार का युवक है। इसके माता-पिता दोनों सहायक अध्यापक हैं। मां राखी कुमारी एवं पिता मंटू मंडल ने अपनी सुख सुविधाओं का त्याग कर आर्थिक तंगी को झेलते हुए बेटे को डीएवी स्कूल में पढ़ाया और बारहवीं तक की शिक्षा पूरी कार्रवाई। उसके बाद अभिषेक सेंट जेवियर कॉलेज कोलकाता से स्नातक पास किया और सीए की तैयारी करने लगा। इस वर्ष उसने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। शुक्रवार को अभिषेक अपने माता-पिता के साथ मां चंचला मंदिर में माथा टेका और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। अभिषेक की सफलता से परिवार सहित इलाके में खुशी की लहर है। आज उस इलाके की नजर इस गुदरी के लाल पर है जिसने साइबर अपराध के दलदल में फंस रहे युवाओं से अलग हटकर एक नई मिसाल पेश करने का काम किया है। अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। जिन्होंने तमाम इच्छाओं को त्यागते हुए अभिषेक की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज अभिषेक की सफलता साइबर अपराध के दलदल में फंसे इस क्षेत्र के युवाओं के लिए भी है, जो पैसे तो कमा लेते हैं पर सुख चैन से उनका दूर-दूर तक नाता नहीं है। सभी ऐसो आराम होने के बावजूद भी साइबर अपराध से जुड़े युवा दहशत भरी जिंदगी जीते हैं।

सेविका एवं सहायिका को मिलने वाले मानदेय का शीघ्र करें भुगतान : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोड्डा । समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विभागों को योजना और गैर योजना मद में प्राप्त आवंटन राशि की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने भू -अर्जन, सामाजिक सुरक्षा, जिला समाज कल्याण कार्यालयों के योजना और गैर योजना मद में प्राप्त आवंटन एवं उनके व्यय की समीक्षा कर विभिन्न विभागों के द्वारा खर्च की गई राशि के संबंध में जानकारी ली गई।सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा विभिन्न योजनाओं यथा- सर्वजन पेंशन, मंईया सम्मान योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन से संबंधित आवंटन की जानकारी लेते हुए पेंडिंग पड़े भुगतान के निर्देश दिए गए। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कार्यालय मद में दी गई राशि का उपयोग करते हुए कार्यालय हेतु आवश्यक सामग्री क्रय किए जाए। साथ ही विभिन्न मदो में आवंटित राशि का उपयोग करते हुए पेंडिंग पड़े राशि का यथाशीघ्र भुगतान किए गए ताकि विभिन्न योजनाओं में आवंटित राशि खर्च की जा सके। उपायुक्त के द्वारा पोषण अभियान के तहत सेविका एवं सहायिका को मिलने वाले मानदेय राशि का यथाशीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में भू -अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा रितेश जयसवाल, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा, रेखा भारती सहित संबंधित विभागों के कर्मीगण मौजूद थे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन पर मिल्लत कॉलेज में शोकसभा आयोजित

महागामा । अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हनवारा के मिल्लत कॉलेज परसा में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 तुषार कांत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह जी उन बिरले राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र दोनों में समान सहजता से काम किया। सार्वजनिक पदों पर अपनी अलग-अलग भूमिकाओं में काम करते हुए उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा, बेदाग राजनीतिक जीवन और बेहद विनम्रता के लिए हमेशा याद किया जाएगा उनका निधन हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं भारत के सबसे महान सपूतों में से एक को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। डॉ0 विकास मुंडा, कपिल देव, खालिद रिज़वान, नज़ीब, अब्दुल्लाह, नदीम आदि उपस्थित थे।

सुरक्षा जवान अभ्यर्थियों का हुआ पंजीकरण

ठाकुरगंगटी ॅ थाना परिसर में सिविल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के कर्मियों द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा कस्टोडियन के पदों पर बहाली के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर अनूप कुमार, तनवीर आलम, गंगाधर कुमार, मोहम्मद गल्फराज हुसैन, रोहित झा, सोनू कुमार ठाकुर, शरीफ अंसारी, विकास कुमार, जितेंद्र मिर्धा, अनिल कुमार मिर्धा आदि ने शुल्क जमा कर पंजीकरण कराया। सुरक्षा जवान के लिए योग्यता दसवीं पास, उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, वजन 56 से 85 किलोग्राम के बीच रखा गया है। सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर, वजन 56 से 85 किलोग्राम के बीच रखा गया है। कैस कस्टोडियन पद के लिए योग्यता 12वीं पास, उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 162 सेंटीमीटर और वजन 56 से 85 किलोग्राम के बीच निर्धारित की गई है।

सामवेद पारायण महायज्ञ में सम्मिलित हुए डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे

पथरगामा संवाददाता(आध्यात्मिक ज्ञानवर्धन हेतु स्कूल के निदेशक संतोष कुमार महतो और अपने शिक्षकों के साथ डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल पथरगामा के बच्चे आर्य समाज मंदिर पथरगामा के द्वारा आयोजित चतुर्दिवसीय सामवेद पारायण महायज्ञ सह दिव्य आध्यात्मिक सत्संग में शामिल हुए।

फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन राय ब्रदर तथा एमजी क्लब आदिवासी ने किया क्वालिफाई

संवाददाता नाला (जामताड़ा)ॅ--- शुक्रवार को नाला नेताजी स्टेडियम में दिशोम गुरू क्लब कालीपाथर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन सेमीफाइनल में आठ टीम खड़ा हुआ जिसमें राय ब्रदर तथा जामुड़िया एमजी आदिवासी क्लब सेमीफाइनल हेतु क्वालिफाई किया।मालूम हो कि आज खेल के दूसरे दिन आसनसोल मिली जुली क्लब वर्सेस दामोदरपुर एफसी जामुड़िया तथा राय ब्रदर वर्सेस एबी ब्रदर तथा लकी बॉयज वर्सेस जेबीसी अम्बीका एकादश फुटबॉल टीम ग्राउंड पर उतरे थे, वहीं सभी टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।अंत में राय ब्रदर्स तथा लकी बॉयज के बीच सेमीफाइनल खेला गया। जिसमें राय ब्रदर क्वालिफाई हुआ।वहीं जामुड़िया एमजी आदिवासी क्लब तथा आसनसोल मिली जुली क्लब के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें एमजी जामुड़िया क्लब सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई हुआ। ये दोनों टीम कल फाइनल ग्राउंड में अपना प्रदर्शन करेंगे।मालूम हो कि आज के इस कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सुत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा,वरिष्ठ नेता आशीष तिवारी, मुखिया अजीत मुर्मू,दलाबड़ पंचायत के मुखिया साविका सोरेन, प्रखंड सचिव जयधन हांसदा,20 सुत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, 20 सुत्री सदस्य भवसिंधु लायक, 20 सुत्री सदस्य नदियानंद सिंह, तपन झा,जोगेन्दर सोरेन, शेख कासिम,कांग्रेस प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष समर माजी,खेल प्रभारी सुरजीत भट्टाचार्य, खेल संयोजक गुपीन सोरेन ,मंगल सोरेन, दयामय घोष, तपन राउत,सानंद माजी,कृष्णा टुडू, पूर्व मुखिया बहादुर सोरेन,अनंत मंडल,नुनूलाल टुडू,धोनालाल सोरेन,गया भंडारी,प्रेम मरांडी,हेमलाल सोरेन, सुरजीत भट्टाचार्य, कपधन हेम्ब्रम, पूर्ण चंद्र सोरेन, अशोक सोरेन, सानु टूडू,सरकार सोरेन, सेवाधन सोरेन, गजनी टुडू,शिराय सोरेन, रूपधन हेम्ब्रम, फनीभूषण सोरेन, सुकूमार सोरेन अशोक सोरेन, संजीव सोरेन,हिरूलाल सोरेन, मुकेश सोरेन, निताई हालदार सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

महागामा । प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान एसजीआरएस के सेंटर मैनेजर मोहम्मद ताजुद्दीन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित रोजगारोन्मुखी कौशल विकास, मुख्यमंत्री सारथी योजना के बारे में आवश्यक जानकारी दिया। इस दौरान बताया गया कि 18 से 35 आयु के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को कौशल विकास कार्यक्रम मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 3 महीने का विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण स्तर पर युवक-युवतियों को जागरूकता की कमी है इसलिए सेविकाओं को अपने क्षेत्र के युवक युवतियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण के बाद निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाते है। एसजीआरएस एकेडमी के द्वारा इस योजना के माध्यम से लड़कियों के लिए स्विंगिंग मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी सहायक, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर ट्रेनिंग (एडीसीए) तथा लड़कों के लिए फीटर, इलेक्ट्रीशियन, ऑटोमेटिक वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर सहित अन्य ट्रेड का ट्रेनिंग दिया जाता है।

पत्रकारों के हित में पत्रकार महासंघ ने उठायी आवाज

गोड्डा । पड़ोसी राज्य बिहार के समस्तीपुर जिले अंतर्गत ताजपुर भेड़ोखड़ा ग्राम स्थित अखंड भारत वैदिक पत्रकार महासंघ नई दिल्ली न्यास राष्ट्रीय कार्यालय में पत्रकारों के हितों में प्रेस वार्ता की गई। देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को देश के तमाम पत्रकारों के हितों में भेजे गए आवेदन पत्र को लेकर बृहत वार्ता और संवाद किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल पोद्दार पत्रकार द्वारा भारत कि महामहिम राष्ट्रपति को दिए गए आवेदन के बारे में जानकारी दिया गया। बताया कि भारत के संविधान में यह लिखा गया है कि पत्रकार प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ है। कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका की तरह पत्रकारों को भी हर सरकारी सुविधा देने की बात भी संविधान में लिखा जाए। संगठन सूचित करता है कि आगामी16 जनवरी 2025 तक अपने स्तर से दोनों मांगे संविधान में अंकित कर दिया जाए इसके लिए पत्रकार परिवार सदैव आभारी रहेगा। मांगे पूर्ति नहीं की जाती है तो कर्पूरी जी की पुण्यतिथि आगामी 17 फरवरी 2025 से चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाता रहेगा। मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यालय में प्रभु यीशु मसीह और श्रेष्ठ छात्र बरकत बरकाती का जन्मोत्सव मनाया गया। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक महागामा विधानसभा क्षेत्र के फूलचंद कुमार, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नीरजदत्त गौड़, जम्मू कश्मीर के अशफाक नजीर, छत्तीसगढ़ से राजेंद्र प्रसाद पोद्दार, कोलकाता के राम सकल पोद्दार, उत्तर प्रदेश के राहुल प्रजापति, गुजरात के लाल पाठक, महाराष्ट्र के सनातन शाह,उड़ीसा के जस्टिन राय आदि मौजूद थे।

महागामा नगर में चौथे दिन भी जारी रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

महागामा प्रतिनिधि (गोड्डा) / नगर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। नगर प्रबंधक रोहित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यहां प्रशासन ने मुख्य मार्ग से मोहनपुर चौक, फल विक्रेता, गुमटियां, और अन्य अवैध ढांचों को हटाकर जमीन को समतल कराया। अंचलाधिकारी डा. खगेन महतो ने चेतावनी दी कि बाजार क्षेत्र में जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है, वे इसे स्वयं हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रबंधक रोहित गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को अभियान मोहनपुर चौक से मुख्य मार्ग तक किया गया। उसके उपरांत हटिया चौक, पुरानी मुख्य बाजार और रेफरल अस्पताल रोड तक अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा। फुटकर विक्रेताओं और मुर्गा दुकानदारों ने प्रशासन से व्यवस्थित दुकानें और परिसर की मांग की, जिससे वे अपनी जीविका चला सकें। दुकानदारों का कहना है कि वे नगर पंचायत को प्रतिदिन टैक्स देते हैं, फिर भी हर साल उनकी दुकानें तोड़ दी जाती हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फुटपाथ और सरकारीजमीन पर स्थायी दुकान लगाना कानून के खिलाफ है। विक्रेताओं को ठेले पर व्यवसाय करने और दिन के अंत में ठेले हटाने का सुझाव दिया गया। अंचलाधिकारी ने जानकारी दी कि गोचर जमीन पर भविष्य में डिग्री कालेज के समीप केंद्रीय विद्यालय और पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, बस स्टैंड और अन्य सुविधाओं के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं ताकि महागामा क्षेत्र को और विकसित किया जा सके। अतिक्रमण हटाने के बाद सरकारी जमीन की नापी करवाई जाएगी। इस अभियान में, कनीय अभियंता सिविल कृष्ण कुमार पाठक, कनीय अभियंता सिविल सुनील उराँव, नगर पंचायत पर्यवेक्षक दिलदार अंसारी, चंदन कुमार, नगर पंचायत कर्मी और पुलिस बल शामिल थे।

मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

महागामा । प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान एसजीआरएस के सेंटर मैनेजर मोहम्मद ताजुद्दीन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित रोजगारोन्मुखी कौशल विकास, मुख्यमंत्री सारथी योजना के बारे में आवश्यक जानकारी दिया। इस दौरान बताया गया कि 18 से 35 आयु के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को कौशल विकास कार्यक्रम मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 3 महीने का विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण स्तर पर युवक-युवतियों में जागरूकता की कमी है इसलिए सेविकाओं को अपने क्षेत्र के युवक युवतियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण के बाद निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाते है। एसजीआरएस एकेडमी के द्वारा इस योजना के माध्यम से लड़कियों के लिए स्विंगिंग मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी सहायक, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर ट्रेनिंग (एडीसीए) तथा लड़कों के लिए फीटर, इलेक्ट्रीशियन, ऑटोमेटिक वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर सहित अन्य ट्रेड का ट्रेनिंग दिया जाता है।

मिहिजाम में गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मिहिजाम। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिहिजाम में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी चैक अप किया गया। इस शिविर में 53 गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया और उन्हें गर्भावस्था संबंधित सभी प्रकार की जांच की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं से बचाना था। शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान की और उन्हें स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आवश्यक सलाह दी। शिविर में डॉ विशाल कुमार दशौधी, एएनएम विणा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनामुखी किस्कू, फर्मासिस्ट पंकज कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, बुद्धि नाथ पुजहर, साहेबलाल किस्कू, अनिल कुमार सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

अनाथ बच्चों के लिए फास्टर केयर व स्पॉनशरशिप की व्यवस्था : डालसा

गोड्डा। झालसा की ओर से आयोजित 90 दिवसीय विशेष जन जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को सदर प्रखंड के घाट पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत भदराय गांव में अभिवंचित व दिव्यांग बच्चों से संबंधित विशेष विधिक शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गठित टीम में शामिल अधिकार मित्र सह पीएलवी नवीन कुमार, कुंदन कुमार, जायसवाल मांझी, सुशील कुमार , इंतेखाब आलम व अविनाश कुमार सिंह आदि ने ग्रामीणों को विविध जानकारी दी। टीम ने ग्रामीणों को फास्टर केयर से संबंधित जानकारी दी। कहा कि अनाथ बच्चों के लिए सरकार की अनेक महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत उन बच्चों को जिनके माता -पिता, माता या पिता का निधन हो गया है। उसकी स्थिति बदतर है। ऐसी स्थिति में समाज कल्याण विभाग की ओर से बच्चों के पठन-पाठन व समग्र विकास के लिए चार हजार रूपये प्रति माह तीन साल तक देने का प्रावधान है। वहीं जिन बच्चों के निवास स्थान के आसपास का माहौल उपयुक्त नहीं है। वैसे बच्चों के पुनर्वास के लिए सेप्टी होम में रखने की व्यवस्था है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग व बाल संरक्षण समिति के समक्ष आवेदन देने का आह्वान किया। वहीं दिव्यांगों व मजदूरों के लिए भी अनेक योजनाएं हैं। इसके लिए जागरुक बनने की जरूरत है। किसी भी प्रकार की सराकारी लाभ प्राप्त करने के लिए दिव्यांगता की चिकित्सकीय जांच व प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। इसके लिए प्रत्येक माह के 15 व 30 तारिख को दिव्यांगता की जाच की जाती है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला गया।

पीसीसी निर्माण कार्य में गड़बड़ी उजागर

संताल एक्सप्रेस फतेहपुर, (जामताड़ा)। शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन ने चौकुंदा में पीसीसी निर्माण कार्य व हाई स्कूल फतेहपुर में स्टेडियम और दीवार निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। गोविंदपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण दौरान पाया कि कार्यस्थल पर न तो बोर्ड लगा था और न ही जेई उपस्थित था। इस दौरान घटिया ईट व बालू प्रयोग किए जाने को लेकर जिप अध्यक्ष ने फटकार भी लगाई। बताया कि जैसे तैसे ईंट का सोलिंग कर ढलाई का काम शुरू कर दिया गया है। कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त सामग्री होना चाहिए। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री व किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही हाई स्कूल फतेहपुर में स्टेडियम व दीवार निर्माण कार्य में घटिया बालू व ईट का प्रयोग किए जाने लेकर जिप अध्यक्ष ने संवेदक से कहा कि जब तक अच्छे क्वालिटी की सामग्री न लाया जाए तब तक काम बंद रखने का निर्देश दिया। मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा प्रावधान के अनुसार कोई योजना शुरू करने के पहले बोर्ड लगाना जरूरी है। जिसमें किस विभाग से काम किया जा रहा है। प्राक्कलन राशि समेत अन्य जानकारी दी जाती है। जिससे लोगों को समझ में आ सके की किस विभाग से काम किया जा रहा है। किसी प्रकार की गड़बड़ी हो तो संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सके। अब ठेकेदार चतुराई दिखाते हुए बोर्ड लगाना जरूरी नहीं समझ रहा है। जिप अध्यक्ष ने कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री व किसी प्रकार की गड़बड़ी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रखंड स्तरीय सीएचओ, एएनएम, सहिया साथी की हुई समीक्षात्मक बैठक

संवाददाता नाला (जामताड़ा)ॅ--- नाला सीएचसी में सीएचओ, एएनएम एवं सहिया साथी की मासीक समीक्षात्मक बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 लियाकत अंसारी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर भीसीसीएम अंतेश कुमार, आईडीए डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर रूपेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में छूटे हुए तथा क्षिजीत बच्चों का आरआई सर्वे, जीरो डोज, गर्भवती महिला का एलएमपी डेट किए जाने को लेकर निर्देश दिया गया।इसके अलावे लाइन लिस्टिंग, काउंसलिंग, डीपी कीट पर चर्चा की गई साथ ही सभी सीएचओ को एनसीडी का रिपोर्टिंग करने ,लाइन लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पदाधिकारियों ने केन्द्रवार स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी इंडिकेटरों पर प्रगति समीक्षा की।मौके पर डॉ रामकृष्ण बाबु, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पु,एमटीएस अहमद रजा परवेज, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, बीटीटी प्रदीप कर,अंजु माजी,बलदेव मरांडी, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू,एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल,कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित चार,सीएचओ मनोज कुमार यादव, स्नेहा कुमारी,नरेश कुमार सैनी, हाथी राम,रमन शर्मा,एएनएम अर्पिता दे,एएनएम रूपम कुमारी,हेमलता, नीतू कुमारी, फुलमुनी बेसरा,स्टेनशीला सोरेन, निलाद्री पाल,बैशाखी पाल,इन्दु कुमारी,ठंडा मंडल, टुलटुली रुईदास, सहिया साथी मानकुमारी घोष, सरस्वती गोराई, दासीमुनी हांसदा,हायरानी पाल,चित्रा मंडल,सविना खातून,सोनाली माजी,ईरा पाल सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

जल जीवन मिशन योजना लागित् बीडीओ दोय दुपुडुप् केत्कोआ

खोबोरिया

शिकारीपाड़ा। पेयजय एवं स्वच्छता प्रमंडल सं या-01, दुमका ताला तेयाक् शिकारीपाड़ा प्रखंड रेयाक् सभागार रे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 आर जल जीवन मिशन योजना बाबोत प्रखंड जल एवं स्वच्छता समिति दुपुडुप् प्रखंड तारी तेयाक् कार्यशाला दो सोकोलवार हिलोक् बीडीओ एजाज आलमाक् आयुर रे ओराम एना। बीडीओ होतेते जोतो जलसहिया पेयजल आर स्वच्छता बाबोत जोतो कामीको गुन तेयाक् पुराउ आर आपान-आपिन आतोको ओडीएफ प्लस बेनाव पोंथा रे कामीय लागितए गालमारावात्कोआ। गालमारावाको ओकते ओडीएफ प्लस रेन जोतो कॉपोनेंट खासकाते जोतो छुटावाकान ओड़ाक् रे शौचालय बेनावाको, केटेच् आर तरल कचरा, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, गोवर्धन योजना आर

माहवारी स्वच्छता प्रबंधन रे विशेष रूप तेय चारचा केदा। कामीहोरा लाहाय तुलुच् जिला समन्वयक, आई ई सी होते जोतो अवयवको आरहों फायलाव सालाक् ते चारचाय तुलुच्। जल सहियाको आपान-आपिन आतो ओडीएफ प्लस बेनाव लागित् टॉयलेट टोपोलॉजी, सोक पिट, नाडेप आर मिमित् पंचायत रे मित् सेग्रीगेशन शेड रेयाक्कामी पुराउ ओचोय सांव-सांवते जल जीवन मिशन ताला तेयाक् बेनावाक्जोतो योजनाको रेयाक् सर्वे काते योजनाको रेयाक् निहाली हालोत बाडाय ओचोको आर रजिस्टर रे राकाब लागितए लायात्कोआ। कामीहोरा रे विभाग रेन कनीय अभियंताको ताहेंकाना।

पश्चिम बंगाल एसटीएफ दोको साप् केदा 130 किलो गांजा, साप् केत्कोवाको पोनया

संवाददाता

कोलकाता। भितरी-भितरी ते जामलेन खोबोर लेका रे पश्चिम बंगाल एसटीएफ रेन सिलीगुड़ी इकाई दो घोकसाडांगा थाना टोठा रेयाक् उन्नीसबीसा टोठा रेयाक् हिमघर चौपथी ठेन जापुत् काते मित् टेनगेलबार चाका ट्रक खोन 130 किलो गांजाको जाम केदा। सारदीमाहांहिलोक् होयेन नोआ कार्रवाई रे ट्रक रे देच् आकान ताहेंन पोन होड़ होंको साप् केत्कोआ।

साप्केत्को दुसीकोवाक् पाछनाव दो संजू कुमार (32), कमल सिंहचौहान (38), जितेंद्र सिंह (38) आर राहुल कश्यप (25) रूप रे होय आकाना। नोको जोतो गे उत्तर प्रदेश रेयाक् फर्रुखाबाद आर मैनपुरीजिला रेन ताहेंनोक्को कानाको। पुलिसाक् लाई लेकाते, हाजोतआकात् गांजा रेयाक् बाजार दाम दो मोटामुटी 30 लाख टाका लाईयागोक् काना।

एसटीएफ रेन एसपी इंद्रजीत बसु दो जारूममाहां हिलोक्ए लाई केदा जेदुसी दो कूचबिहार खोन उत्तर प्रदेश रे नोआ निसा जिनिस पाईकाररेयाक्को कुरूमुटूयेत्कान ताहेंकाना। तिन दो ट्रकको तेंगो ओचो केदा आर ओनाको सेदरा केदा खान ओना रे ओको आकात् ताहेंन 130 किलो गांजाको जाम केदा। ट्रक रे राजस्थान रेयाक् रजिस्ट्रेशन नंबर ताहेंकाना। नोआ मामला रे घोकसाडांगा थाना रे एनडीपीएस एक्ट लेकाते मामला दो दर्ज आकाना। एसटीएफ रेन एसपी दो आईपीएस एक्ट तारी रे मामला दो दर्ज आकाना। एसटीएफ रेन एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु दोय लाई केदा जे नोको पाईकार दोल दो आयमा दिन खोन एक्टिव गेकोताहेंकाना आर नोआ कार्रवाई ते ओनकोवाक् नेटवर्क रे आडीमाराङ धोमोस पाड़ावाकाना। नित, साप् आकात्को दुसीको पूछताछएत्कोआ आर पाईकार सांव जोड़ाव मेनाक्को एटाक् होड़ाक् ठिकानाको सेंदरायेत् काना।

कुड़ी लेका साजाव-सापड़ाव काते शिकारे सेंदरायेत्को ताहेंकाना सीरियल किलर सोढ़ी

खोबोरिया

चंडीगढ़। पंजाब रेयाक् रोपड़ रे आडी बोतोर आर सनसनीखेज सीरियल किलिंग ते होड़ दोको चामकाव उताराकाना। नोआ काहनी दोराम स्वरूप उर्फ सोढ़ीयाक् काना, जाहांय दो मित्टेन सोड़ा मोनेयान कोड़ा खोन खतरनाक सीरियल किलरे बेनावेना। साल 2006 रे उनी दोदुबई तेय चालाव लेना, ओन्डे उनी दो आयाक् आइडेंटिटी दोय लाई केदा जे उनी दोय गे काना। उनी दो कुड़ीको लेका साजाव-सापड़ाव कातेय ओडोडोक्कान ताहेंकाना आर आच् रेन शिकारे सेंदरायेत्को ताहेंकाना। उनी दो मित्टेन गे-सेक्स वकरि बेनावाकान ताहेंकाना। सोढ़ी दो नित हाबिच् ते 11 होड़े गोच् आकात्कोआ। सोढ़ी साप् केदे तायोम पुलिस दो आयमा हाहाड़ावानाक् बानाडायको सोदोर आकादा।

पुलिस दोको मेनेत् काना जे सोढ़ी दो गे-सेक्स वकरि ताहेंकाना। उनीदो सोड़ोक रेय ओडोडोक्कान ताहेंकाना आर होड़ सोंगे हाडुबोक् बाहना काते गाडी रेय दुडुबोक्कान ताहेंकाना आरपायसा गालमाराव काते उनी सोंगे सागाईये तोपोलेत्कान ताहेंकाना। गार्ड कामीय नुकरीकान हरप्रीत सिंह उर्फ सन्नी सोंगे सोढ़ी दो सागाई जोड़ाव लागित् पायसाय गालमारा केदा। ओना तायोम पायसा बाबोत रे नुकिन ताला रे बाताबाती होय एना आर ओना तायोमथापा-थापीयेनाकिन। सोढ़ी दो 200 टाकाय खोज लेदा, मेनखान काथा दो150 टाका रेयाक् ताहेंकाना। सन्नी दो 150 टाका हों बाङ एमोक्ए मेन केदा खान सोढ़ी दो उनीय गोच् केदेया। ओना तायोम गोच् होड़मो रेयाक् देया सेच् रे आराक् रोड रेयाक् पेन ते धोखेबाजे ओल आकात् ताहेंकाना।

ओना तायोम दोसार मामला दो अप्रैल रे सोदोरेना। नोआ रे रोपड़ रे बेगमपुरा आतो रेन ताहेंनोक् वाला 34 बोछोर रेन मुकद्दर सिंहहों सोढ़ी दोय गोच् केदेया। मुकद्दर सिंह उर्फ बिल्लावाक् दुकानरोपड़ आर कीरतपुर साहिब ताला रे भरतगढ तेय चालाव लेना। उनी दो ट्रैक्टर रेन मकैनिकए ताहेंकाना। बिल्ला ठेन खोन लि टए खोज केदा आर उनीयाक् बाइक रेय देच् एना। बिल्ली सांवते सोढ़ी दो पाहिल रे पाउराय जु केदा, ओना तायोम पायसा खातिरकिन झोगड़ायेना। ओना तायोम सोढ़ी दो बिल्ला मफ्लर तेय गोच् केदेया। नोआ मामला रे होंपुलिस दो केसए दर्ज लेदा।

तेसार मामला दो पारोमेन अगस्त रे सोदोरेना, ओना तायोम सोढ़ीदोको साप् केदेया। कीरतपुर साहिब रेयाक् गड़ा-मौड़ा (पंजाबहिमाचल सीमा) रे मनिंदर सिंह दो टोल रेय कामीयेत्कानताहेंकाना। मनिंदर तिन दो टोल खोन आपनार ओड़ाक् कीरतपुरसाहिब तेय रूवाड़ोक्कान ताहेंकाना, उन रे सोढ़ी दो उनी ठेन खोनहों लि टए खोज लेदा। ओना तायोम उनीयाक् बाइक रेय देच् एना। ओनातायोम टोल खोन मोंड़ें किलोमीटर झाल कीरतपुर डाहार रे पेट्रोल पंप सामाङ रे मनिंदराक् गोच् होड़मो जाम एना।

पुलिसाक् जांच-पड़ताल रे बाडायेना जे सोढ़ी दो 11 होड़े गोच्चुकावाकात्कोआ। नोआ रे पुलिस 6 गोटेच् मामला दोय ट्रेस चुकावाकाना आर मोंड़ें गोटेच् रेयाक् जांच दो तोंगे गेया। सोढ़ी खिलाफ केस चालाक् काना। सोढ़ी जाहांय 11 होड़ गोच् आकात्को काथाय लाई आकादा, ओना रे मित्टेन दो गड़ा मौड़ा (कीरतपुर साहिब), मित्टेन रोपड़ शहर, मित्टेन सरहिंद (फतेहगढ़ साहिब), पेयाहोशियारपुर, नोआ रे बारया दो होशियारपुर शहर आर मित्टेन दो चब्बेवाल रेयाक् काना। नोआ छाडा आर हों मामला दर्ज मेनाक् आकादा।

महामना परिवार रेयाक् जोस, झारखंड रेन पाठवाको चेतान आकिल लागित् उसकुरको : डॉ विमलेन्दु त्रिपाठी

खोबोरिया

गढ़वा। महामना परिवार झारखंड होतेते भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीयाक् जानाम माहां सेमेलेत् सांवते पुरातन छात्र समागम-2024 दो गढ़वा जिला रेयाक् निजी सभागार रे ओराम एना। नोआ ओपसोर रेझारखंड प्रदेश रेयाक् आयमा जिला खोन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय रेनमाड़ाङ रेन पाठवाको सेलेत् एना। सेमेलेत् एतोहोब तुलुच् अ बरीषमिश्रा दो वैदिक मंगलाचरण ए सोदोर केदा। लौकिक मंगलाचरण पलामू रे संगीत शिक्षक रविशंकर दोय सोदोर केदा। इना तायोम सेमेलेत् रेन आसोल पेड़ा डॉ किशोर कुमार गुप्ता पूर्व कुलसचिव सेवानिवृत्त प्रोफेसर एसएस जे एस नामधारी महाविद्यालय गढ़वा, मु य वक्ता ज्वाला तिवारी

शिक्षक, गढ़वा कार्यक्रम रेन संयोजक डॉ विमलेन्दु कुमार त्रिपाठी, डॉ विनीता दीक्षित, प्रो नागेंद्र यादव दो मित् ते माली बाती जेरेत् कातेको एतोहोप् केदा।

कामीहोरा एतोहोप् रे महामना परिवार झारखंड रेन संयोजक डॉ विमलेन्दु कुमार त्रिपाठी आर समूह रेन एटाक् रसयाको होते मंच रेन पेड़ाको मोमेन्टो आर शॉल एम काते आताङ दाराम सांवतेको मानोत केत्कोआ। इनातायोम संगीत साधना केन्द्र, गढ़वा रेन निदेशक पुरूषोत्तम कुमार मिश्राआर पलामू खोन हेच्एन संगीत शिक्षक डॉ रविशंकरआक् आयुर रेनिशि श्रीवास्ताव, जूही कुमारी, सुमन कुमार आर सुमन कुमारी होते बीएचयू रेयाक् कुलगीतको सोदोर केदा। कामीहोरा रेन संयोजकडॉ विमलेन्दु कुमार त्रिपाठी आर सहसंयोजक डॉ श भु त्रिपाठी दोआताङ दाराम सेरेजको सोदोर केदा। कामीहोरा रे डॉ रामसेवकमिश्र, रजनीकांत उपाध्याय, मिथिलेश कुमार, डॉ दीपक कुमार सिंह अ बरीष मिश्र, चन्दन पाण्डेय, डॉ वीनीता मुखर्जी, डॉ पायल वर्मा, डॉसुनीता कुमारी एमानको ताहेंकाना। कामीहोरा रेन संचालन सहसंयोजक चालाव रे दो डॉ श भु त्रिपाठी आर मुचात् सारहाव काथा दो डॉ चन्द्रमौलीश्वर पाण्डेये रोड़ सोदोर केदा।

2 खोन 5 हाबिच् होयोक्आ पोन माहांकिया इंटरनेशनल वर्कशॉप

संवाददाता

दुमका। संताल परगना कॉलेज दुमका रे इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल आर बिलीवर्स ग्रुप, पंजाब होतेते मित्टेन पोन माहांकियाअंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप ओरामोक्आ। नोआ अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप दो ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंगः द नेक्स्ट फ्रंटियर इन रिसर्च इवेंट'' बाबोत रे ओरामोक्आ। नोआ कामीहोरा दो कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसादाक् आयुर रे होयोक्आ। नोआ अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप रेन कन्वेनर दो मनोविज्ञान विभाग रेन विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र रेन निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा आर

ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी आई क्यू एसी कॉर्डिनेटरडॉ पूनम बिंझा ताकिन मेनाक्किना। नोआ अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप रे रिसोर्स पर्सन स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड आई टी टेमास्क पॉलिटेक्निक सिंगापुर खोन सुरोजित दत्ता, लवली प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी, पंजाब खोन डॉ राज सिन्हा, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट, टेक्नो मैन, कोलकाता खोन डॉ प्रसनजीत चक्रबर्ती, डॉ के एन मादीयूनिवर्सिटी, जयपुर खोन डॉ सन्नु प्रिया, ज्योति विद्यापीठ विमेंसयूनिवर्सिटी, जयपुर खोन जस्टिंदर कौर, आसोकाय तेकोसेटेरोक्आ। डॉ शर्मा दोय लाई केदा जे नोआ वर्कशॉप दो जूमवर्चुअल प्लेटफॉर्म रे दाराय 2 जनवरी खोन 5 जनवरी हाबिच्ओरामोक्आ आर नोआ रेयाक् सोमोय दो सेताक् 11 बजे खोनतारासिञ 3 बजे हाबिच् ताहेंना। कॉलेज प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ कुमार सौरव दोय लाई केदा जे नोआ वर्कशॉप दो निताक् सोमोय रे स्नातक आर स्नातकोत्तर तारी रे रिसर्च प्रोजेक्ट खोन पीएचडी खोंदरोंदियाको लागित् नोआ वर्कशॉप दो आडीतेत् गे पोरहोवानाक् साबितोक्आ।

रेयाड़ ते केटेच् एना गाडया, गिदरा दो क्रिकेटको गातेयेना, बोरोफजाड़ी ते आयमा सोड़ोक एसेत् एना

खोबोरिया

नावां दिल्ली। ज मु-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश आर उत्तराखंड रेबोरोफजाड़ीक् खातिर आयमा सोड़ोक एसेत् आकाना आर जेलानियाको फसाव आकाना। नोते ज मू-कश्मीर रे काड़ाके रेयाड़आर बोरोफजाड़ीक् खातिर तापमान शून्य खोन आयमा डिग्री लातारचालाव आकाना। हरितारा टोठा रे बेनावाकान गाडया पुराउकेटेच् एना। गिदरा दो नोआ केटेच्एन गाडया रे क्रिकेटकोएनेच् रासका एना। हिमाचल रे 2 हाइवा घालोक् 24 सोड़ोक रेसोकोलवार हिलोक् हों बस बाङ आज्जोम लेना। नेशनल

हाइवा 305 रे होंपासेच् मित् फुट बोरोफ केटेच् आकाना। प्रशासन दो बोरोफओचोगको कुरूमुटूयेत् काना जेमोन हिजुक् चालाक् होय दाड़ेयाक्। उत्तराखंड रे हों जोशीमठ आर पिथौरागढ़ रेबोरोफजाड़ी ते नेशनल हाइवा आर स्टेट हाइवा बोंद एसेत् गेया।देहरादून रे हों त्यूनी चक्रता मसूरी नेशनल हाइवा रेयाक् 30 किमीस्ट्रेच रेयाक् हाइवा बोरोफजाड़ी खातिर बोंद एसेत् आकाना। मौसमविभाग दोय मेनाकादा जे दाराय 2-3 दिन बोरोफजाड़ीक् ताहेंना। दिल्लीरे सोकोलवार हिलोक् सेताक् आडीये दाक् केदा। नोआ छाडा मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी घालोक् इराल पोनोत रे होय दाक् आर जुरहाक् रेयाक् अलर्ट मेनाक्आ। नोण्डे 50 किमी मिमित् घंटा रेस ते होय चालाव दाड़ेयाक्आ। नोआ ते तापमान रे जुरहाक्कोमावाक्आ।

दिल्ली रेयाक् थोड़ा जायगा रे झोमोर दाक् आर रेयाड़ गे होयेत् काना

खोबोरिया

नावां दिल्ली। राष्ट्रीय राजधनी दिल्ली आर सीमावर्ती पोनोत रेयाक् बाजाररेको ताहेंनोक् कान होड़ दो तेहेञ टाप्-टिप् दाक् जुरहाएना। निया ओकते दिल्ली रेयाक् आयमा जायगा रे आडी झोमोरेदाक् केदा। रेयाड़ गे होयेत् काना। नोआ ते रेयाड़-राबाङ रेयाक् एसेर दो आर ते ढेर आकाना। भारत मौसम विज्ञान विभाग दो होला आरतेहेञ उत्तर पाश्चिम आर मध्य भारत रे होय दाक्, आरिल आरझिपिर-झिपिरे दाक् दाड़ेयाक्आ। भारत मौसम विज्ञान विभाग दोय मेनकेदा जे होला सेताक् 7:23 बजे दिल्ली रेयाक् तापमान दो 13

डिग्रीसेल्सियसको लाई आकादा। जोतो महानगर रे रेयाड़ होय मौसम ते आर रेयाड़ गे आईकाक् काना। नियाको दिन रे तापमान दो ढेर-कोमआर कुड़हा दाड़ेयाक्आ। तेहेञाक् ढेर तापमान दो 20 डिग्री आरन्यूनतम तापमान दो 12 डिग्री सेल्सियस गान ताहेंना। दिल्ली रेयाक् सेरमारे दारायकान 48 घंटा हाबिच् दुन्दहा दाड़ेयाक्आ। सांवते गेनोएडा रे तेहेञाक् न्यूनतम तापमान दो 14 डिग्री आर ढेर तापमान दो 24 डिग्री सेल्सियस ताहेंन रेयाक् बाडाय जाम आकाना। गुरूग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत आर गाजियाबाद रेयाक् थोड़ा जायगा रेसेताक्-सेताक् झिपिर-झिपिरे दाक् केदा। विभाग रेनअधिकारीयाक् लाई लेका ते तेहेञ हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा,चंडिगढ़, राजस्तान आर उत्तर प्रदेश रे आरिल दाड़ेयाक्आ। 27 आर28 दिसंबर दो पाश्चिम हिमालय टोठा रे जासती बोरोफजाड़ीयेन ते उत्तरी पोनोत रेयाक् तापमान दो 2खोन 3 डिग्री सेल्सियस कोमोक्रेयाक् ओनमान मेनाक्आ।

बाइक बाङ सामबड़ावलेन ते चाक्लाविच्ए घाल एना

लिट्टीपाड़ा, पाकुड़। थाना टोठा रेयाक् गोविंदपुर साहिबगंज हाइवारोडगो सोर रे लुखीवार हिलोक् ढेर जुहुम मित्टेन मोटरसाइकिलचाक्लाविच् दो बाय सामबड़वलेत् ते घोटोना बाड़िच् एना आरडायबोर रॉबिन पहाड़िया 45 उमार रेन दोय घाल एना। बाडायाकानलेकाते मोटर साइकिल चाक्लाविच् दो जेएच 04 एस 1119 बाइक गाडी तेलिट्टीपाड़ा खोन धरमपुर मोड़ सेच्ए सेनोक् कान ताहेंना ठिक रोडगोसोर रे मोटर साइकिल दो बाय सामबड़ाव लेदा आर घोटोनाबाड़िच् एना। नोते आतो होड़ दो पुलिसको खोबोरात्कोआ। बाडायकाते लिट्टीपाड़ा पुलिस दो घोटोना ठाव रे सेंटेर काते घाल होड़ रान ओचोये लागित् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा तेको इदी केदेया आर डॉक्टर दो रान बाड़ा केदे तेको ओड़ाक्को कोलकादेया।

बिर हाती दो कर्रा टोठा रेको जानाम आकादा मुसकिल, प्रशासन दोय लागू केदा निषेधाज्ञा

खूंटी। जावगे प्रशासन होतेते निषाधाज्ञा दो उन ओकते लागूक् काना,तिन दो शांति रापुदोक् रेयाक् बोतोर ताहेंन काना, मेनखानबिर हाती दो खूंटीजिला रे ओनकान ओबोसताको जानाम आकादा जे हाती इयाते धारा 163 लेकाते जिला रेयाक् आदोम जायगाको रे प्रशासन दो निषोधाज्ञा लागू होय आकान ताया। जरियागढ़ थाना टोठा रेयाक् चांपी आर गोविंदपुर टोठा रे 27 गोटेच् हाती दो झुंड रेको आतिञ बाड़ाय काना। हाती जेलको आर ओनको लागाको लागित् हजार-हजार होड़को जारवाक् काना। ओनका रे आडी माराङ खतरा होय दाड़ेयाक्आ। हाती आडे-पासे रे आलोको जारवाक्मा, नोआ लागित् ते अनुमंडल दंडाधिकारी दीपेश कुमारी दो कर्रा प्रखंड रेयाक् आतो चांपी, गाड़ाटोली, मिटकोरा आर उकड़ीमाड़ी टोठा रे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 रेयाक् धारा 163 लेकाते निषेधाज्ञाय लागू आकदा। नोआ निषेधाज्ञा दो 27 दिसंबर 2024 खोन 1 जनवरी 2025 हिलोक् आयुप् बेर 6 बजे हाबिच् प्रभावी ताहेंना। नोआ ताला रे नोवाको आतो सोर रेओनकान जोतो जायगा, जाहां दो बिर हाती मेनाक्कोआ, मोंड़ें से ओना खोन जासती होड़ जाहांन लागित् ते जारवाक् आर से हिजुक्-सेनोक् डाहार बोंदोय दो पुराउ ते बारोन गे ताहेंना। नोआ निषेधाज्ञा बाखरा दोहो आकात्को सरकारी कर्मीको, बाजार हाट आर से मेला रे जारवावाकान होड़, मजिस्द, गिरजाघर रे पूजाय, बापला रे जारवाक् आर से गोच् होड़ाक् शव यात्रा रे नोआ दो लागू बाङ ताहेंना।

चरही रेयाक् 15 माईल रे होयोक् कान ताहेंना नाकली हाण्डी रेयाक् पैकिंग, तुरूई गोटेच् हाण्डी पाईकारको साप् एना

खोबोरिया

रामगढ़ । रामगढ़ आर हजारीबाग रेयाक् बॉर्डर रे चरही थाना टोठाताला तेयाक् 15 माईल रे नाकली हाण्डी रेयाक् पुराउ फैक्ट्रीकोचालावेत् ताहेंना। नोण्डे स्प्रिट ते नाकली हाण्डीको बेनावेत् ताहेंना। तिन रे चरही पुलिस दो 15 माईल रेयाक् गोदाम रे सोकोलवार हिलोक्को सेंदरा केदा आर बाडाय एना। सेंदराय ओकते नोण्डे स्प्रिट रेयाक् मित् माराङ खेपको जामाकादा। सांवते तुरूई गोटेच् हाण्डी पाईकारको साप् आकात्कोआ। ओण्डे लोडर पिकअप वैन आर हाईवालेकान गाडीको साप् आकादा। नोआ जोतो गाडीको रे स्प्रिट पेरेच् काते गोदाम रेको आगुयेत् ताहेंना आर नाकली हाण्डी खेप ओना गाडी ते झारखंड आर बिहार पोनोत रेयाक् आयमा जिला रेको सेटेरेत् ताहेंना।

दिल्ली रे आडी स्पीड गाडी चाक्लावकोको बारोनकोआ, स्पीड चालाव रे रोकाव

घोटना रोकाव लागित् ते गति सीमा रे नोजोरको दोहोय लागावाको लेजर स्पीड गन

खोबोरिया

नावां दिल्ली। सोड़ोक घोटना रोकाव लागित् ते दिल्ली रे नित गाडी रेयाक् स्पीड दो 50 किमी प्रतिघंटा लागित् तेको बिचारेत् काना। नित नोआ रेयाक् स्पीड दो 70 किमी प्रतिघंटा मेनाक्आ। नोआ इयातेयातायात पुलिस दो कामीको एहोप् आकादा, उसारा तेगे ट्रांसपोर्ट विभाग दो सर्कुलार कोल दाड़ेयाक्आ। नोआ सोंगे ते राबाङ दिन रे आडी जासती कुड़हायेत् काना, घोटना रोकाव लागित् ते यातायात पुलिस दो गाडी रेयाक् गति सीमा रे नोजोरको दोहोय लागित् तेलेजर स्पीड गन लागाव लागित् ते सापड़ाव मेनाया। नित दो कैमरा लागावाकाना। लेजर स्पीड गन इयाते सर्कुलार होंय जारी आकादा। सर्कुलार रे जोतो ट्रैफिक उपायुक्त, टीआई दोय बातलावात्कोआ जेआपनार लेका ते ओना स्पॉट

रेयाक् बानाडाय हातावपे, जाहां रेघोटना आर गाडी रेयाक् स्पीड जासती ताहेंन काना। यातायात पुलिसअधिकारी लेका ते दिल्ली रे 36 गोटेच् खोन हों जासती नोंकान स्पॉट मेनाक्आ, ओका दो गाडी रेयाक् नियोम कानून बाको मानाव-बातावेत् काना। ओना इयाते ओन्डे दो सोड़ोक घोटना होयोक्काना आर होड़ दो आकोवाक् जियोनको मुचात्कानताकोआ। नोआ रेउत्तरी जिला रेयाक् रिंग रोड, आउटर रिंग रोड, नरेला आरअलीपुर लेकान दिल्ली रेयाक् साईड टोठा रेयाक् जायगा काना।नेतारजुग रेयाक् लेजर स्पीड गन ते बांधावाकात् सीमा खोन जासती स्पीड रे गाडी रेयाक् स्पीड दो मित् किलोमीटर सांगिञ खोने केचदाड़ेयाक्आ। नोआ गन ते बाडायोक्आ जे ओना दो मानक खोन तिनाक्स्पीड रे गाडीये चालावेत्कान ताहेंना। लेजर रेयाक् बेवहार दोटेनगेटिंग रे बोदोल, फोटो आर वीडियो स्पीड रूप रे बोदोल, बिनाधेयान ते ड्राइविंग, नंबर डेटा जुगाड़ आर घोटना नाप लागित् ते बेवहारोक्आ। यातायात पुलिस रेन स्पेशल सीपी दोय लाई केदा जे आलेयाक् कुरूमुटू मेनाक्आ जे जाहां लेका ते गाडी ते होयोक्कान घोटना दो कोम जारूड़ काना। धेयान ओचोक् लेकान जेनिस खोन बाञ्चाव ताहेंनपे।

झामुमो की जिला कमेटी गठित, शिवा बास्की बने अध्यक्ष

- निशित वरण गोलदार सचिव और अब्दुस सलाम अंसारी जिला प्रवक्ता बनाए गए
- भैरव दत्ता उपाध्यक्ष और चन्दन भुवानियां कोषाध्यक्ष होंगे

शिव कुमार बास्की

निशित वरण गोलदार

अब्दुस सलाम अंसारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । झामुमो के दुमका जिला कमेटी का गठन हो गया है।गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने झामुमो के दुमका जिला कमेटी के गठन का कार्यालय आदेश रांची में जारी किया।शिव कुमार बास्की उर्फ शिवा बास्की को दुमका जिला झामुमो का अध्यक्ष बनाया गया है।भैरव दत्ता जिला कमेटी में उपाध्यक्ष और निशित वरण गोलदार सचिव होंगे। चन्दन भुवानियां कोषाध्यक्ष और अब्दुस सलाम अंसारी जिला प्रवक्ता बनाया गया है।पूर्व से गठित जिला संयोजक मंडली की अनुशंसा पर जिला झामुमो कमेटी का गठन किया गया है।जिला संयोजक मंडली की अनुशंसा पर पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की स्वीकृति और निर्देश के बाद जिला कमेटी की सूची जारी की गई।

नवगठित जिला कमेटी को पार्टी की ओर से निर्देश दिया गया है कि जिला कमेटी के विस्तार के लिए सदस्यों के नाम की अनुशंसा करें।जिला के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय समिति के पदाधिकारी,सदस्य,पार्टी के जिला स्तरीय स्थानीय जन प्रतिनिधि जिला कमेटी के पदेन सदस्य होंगे।केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने नव गठित जिला कमेटी के पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा है कि पार्टी ने यह उम्मीद नए पदाधिकारियों से यह उम्मीद करती है कि वे सांगठनिक कर्मठता का पूर्ण उपयोग करते हुए संगठन की सुदृढ़ता के लिए कार्य करेंगे।दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनुशासन की परिधि में रह कर कार्यकर्ताओं के साथ सुमधुर संपर्क स्थापित करेंगे।दुमका जिला झामुमो कमेटी का गठन करीब 6 वर्षों के बाद हुआ है।पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के बीमार पड़ने के बाद से जिला कमेटी का गठन नहीं हो सका था।जिला कमेटी के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिला संयोजक मंडली से काम चलाया जा रहा था।हालांकि जिला संयोजक मंडली पूरी मुस्तैदी से पार्टी संगठन का काम कर रही थी।जिला संयोजक मंडली ने 2019 के विधानसभा चुनाव, 2020 में दुमका उपचुनाव और 2024 के लोकसभा एवं विधान सभा चुनावों में झामुमो की जीत सुनिश्चित कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

जमीनी और अनुशासित कार्यकर्ता हैं शिवा बास्की

हेमंत सोरेन के रह चुके हैं विधायक प्रतिनिधि

दुमका । झामुमो के नवगठित जिला कमेटी में पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है।जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की उर्फ शिवा बास्की झामुमो के पुराने कार्यकर्ता हैं।जब हेमंत सोरेन 2009 में पहली बार दुमका से विधायक निर्वाचित हुए थे,शिवा बास्की श्री सोरेन के विधायक प्रतिनिधि थे।वे एक टर्म जिला परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं।2024 के विधानसभा चुनाव में शिवा बास्की जामा विधान सभा क्षेत्र से झामुमो टिकट के सशक्त दावेदार थे।जामा से टिकट नहीं मिलने के बाद भी शिवा बास्की पार्टी के अनुशासित सिपाही के रूप में चुनाव में जिले की दुमका, जामा और शिकारीपाड़ा में पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए अथक परिश्रम किया।तीनों सीटों पर झामुमो की जीत हुई।झामुमो के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर शिवा बास्की ने पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन,कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और दुमका के विधायक बसंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

सड़क दुर्घटना में चालक समेत तीन घायल

गोपीकांदर। गोविंदपुर - साहिबगंज स्टेट हाईवे पर गोपीकांदर थाना के पास राह चलते एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। जिससे बाईक चालक समेत तीन लोग घायल हो गया। घायलों को इलाज हेतु स्थानीय लोगों ने गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉ सुमित आनंत ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। बाइक चालक जितेंद्र राय ने बताया थाना क्षेत्र के खेड़ीबाड़ी गांव के एक महिला दोस्त रूबी मुर्मू के साथ दुमका निजी काम के लिए बाइक से जा रहे था. दुमका जाने के क्रम में गोपीकांदर थाना के पास सड़क पार कर रहे संतोष राय से टक्कर हो गई। जिससे संतोष राय ,चालक जितेंद्र राय एवं रूबी मुर्मू घायल हो गया। दोनों युवकों का प्राथमिक इलाज के उन्हें छुट्टी दे गई। वोही रूबी मुर्मू को सिर में गंभीर चोट लगने से डॉक्टर ने सीटी स्कैन के लिए दुमका फूलों झानों अस्पताल रेफर कर दिया हैं।

अध्यापक डॉ सौमेन बैराग्य को बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति ने किया सम्मानित

रानीश्वर । शैक्षणिक भ्रमण पर पर्यटन स्थल मसानजोड़ पहुंचे अध्यापक डॉ सौमेन बैराग्य को बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति की ओर से सम्मानित किया गया । बताते चलें कि आचार्य सुकुमार सेन महाविद्यालय गोतान पूर्व बर्धमान के अध्यापक डॉ सौमेन बैराग्य के नेतृत्व में 40 सदस्यीय अध्यापकों का दल गुरुवार को पर्यटन स्थल मसानजोड़ पिकनिक मनाने पहुंचा था। डॉ बैराग्य विगत दो दशक से झारखंड में शैक्षणिक भ्रमण में आते हैं। बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति के साथ उनका गहरा संपर्क रहा है। गुरुवार को समिति की ओर से शैक्षणिक भ्रमण दल का यहां भव्य स्वागत किया गया। समिति के प्रदेश सचिव गौतम चटर्जी ने डॉ बैराग्य को मानपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह भ्रमण दल शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल घाटशिला पहुंचकर प्रख्यात साहित्यिक विभूति भूषण बंदोपाध्याय के आवास का परिदर्शन करेगा। साथ ही रांची जिला के विभिन्न गांवों का दौरा कर यहां के आदिवासियों की संस्कृति का अध्ययन करेगा।

औषधीय पौधों की खेती व मार्केटिंग पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेने दस किसान देवघर रवाना

रानीश्वर(दुमका) । यादवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता की ओर से देवघर में आयोजित औषधीय पौधों की खेती व मार्केटिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने रानीश्वर प्रखंड के दस प्रगतिशील किसान शुक्रवार को देवघर के लिए रवाना हुए । यूथ एसोसिएशन फार रूरल डेवलपमेंट के सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किसानों को देवघर में प्रशिक्षण लेने के लिए रवाना किया। यारा नामक संस्था के सचिव अनिमेष मंडल, कोषाध्यक्ष बृजेश्वर मांजी, सुदीप पाल, संजय मंडल, उदय मंडल, सुकांत मंडल, सदानंद मंडल,उज्जल घोष, मिथुन दास आदि किसान प्रशिक्षण के लिए देवघर रवाना हुए।

पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा

रानीश्वर(दुमका)। मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर प्रांगण में शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नव कुमार पाल की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया। ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की मृत्यु बुधवार की देर रात दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान हो गई। सांस संबंधी समस्या होने पर उन्हें बुधवार को ही एम्स में भर्ती कराया गया था। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

गिट्टी लदा हाईवा पलटा, कोई हताहत नहीं

शिकारीपाड़ा । शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नांगलभंगा मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह पत्थर चिप्स लेकर दुमका की ओर जा रही एक हाईवा सड़क से नीचे पलट गई। हालांकि इस दुर्घटना में चालक और खलासी बाल बाल बच गए और कोई हताहत नहीं हुआ। मामले की सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से हाईवा को निकाल कर यातायात बहाल करवाया।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

यात्रियों से भरी बस की हाईवा से सीधी टक्कर, एक दर्जन यात्री घायल, तीन गंभीर

संवाददाता

नोनीहाट । दुमका नोनीहाट मुख्य पथ पर भंडारो गांव के समीप एक यात्रियों से भरी बस पुष्पांजलि की टक्कर एक खाली ट्रक हाईवा से हो गई जिसमें एक दर्जन यात्री घायल हो गए जिसमें तीन की स्थिति गंभीर हो गई जिसे बेहतर इलाज के लिए दुमका ले जाया गया है घटना शुक्रवार के सुबह 10:00 बजे की है घटना के विषय में जानकारी के अनुसार पुष्पांजलि बस जो दुमका से चलकर गोड्डा जाती है दुमका की ओर से आ रही थी दो बस के ओवरटेक के क्रम में विपरीत दिशा भागलपुर की ओर से आ रही हाइवा ट्रक से सीधे हो गई इस टक्कर के समय हाईवा के पीछे आ रही एक हाईवा और टकरा गई जिसमें बस तथा हाईवा का पर कच्चे उड़ गए घटना के बाद पूरे घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई अगल-बगल के गांव वाले दौड़कर घटनास्थल के समय पहुंचे दोनों चालक तथा गाड़ी पर सवार जख्मी यात्रियों को निकाला समय की नजाकत को समझते हुए दोनों ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गए जख्मी यात्रियों को गांव वाले की मदद से छोटी गाड़ियों में चढ़कर दुमका भेज दिया गया जिसमें गंभीर रूप से जख्मी गुल ऑप्शन खातून हमीदा खातून तथा एक छोटा बच्चा मुस्ताक की हालत गंभीर थी घटना की सूचना पर ना ही कोई एंबुलेंस पहुंच और ना ही प्रशासन की गाड़ी घटनास्थल रामगढ़ थाना में होने के कारण रामगढ़ थाने की दूरी घटनास्थल से 30 किलोमीटर थी जिस कारण प्रशासन को आने में काफी विलंब हुआ वह तो गांव वाले की मदद के कारण घायलों को गाड़ी से निकल गया तथा उन्हें बेहतर इलाज के लिए दुमका भेजा जा सका।

नशे में धूत बाईक सवार ने सड़क किनारे बैठी दो महिला को रौंदा, एक की मौत

दुमका । दिग्घी विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र के गोलपुर-श्रीअमड़ा मुख्य पथ पर शुक्रवार को घटी। दुर्घटना में घायल महिला कैराबनी गांव निवासी पहाड़िया महिला देहरीन (70) की इलाज के दौरान फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। वहीं घायल महिला का नाम फुलमुनि किस्कू बताया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननकु कुरूवा गांव निवासी बिक्रम खैरा अपने दो अन्य साथियों के साथ नशे में धूत होकर तेजी और लापरवाही से बाईक चलाते श्रीअमड़ा की ओर जा रहा था। तभी चांदोपानी गांव के समीप सड़क किनारे बैठी महिला को रौंदते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

ईस्ट रेलवे हावड़ा के जीएम ने सपरिवार की बाब फौजदारी की पूजा

जरमुंडी । पौष मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि शुक्रवार को ईस्ट रेलवे हावड़ा के जीएम मिलिंद देउस्कर ने अपनी धर्मपत्नी व सहयोगियों के साथ पूजा अर्चना किया। उन्हें मंदिर के पुरोहितों ने पहले विधिवत संकल्प कराया। उसके बाद षोडशोपचार विधि से गर्भगृह में पूजा अभिषेक कराया। पंडितों ने बाबा भोलेनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा अर्चना एवं वैदिक आरती कराई। इस मौके पर बड़ी संख्या में रेलवे के पुलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

परिषद ने नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री का किया स्वागत

दुमका। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका नगर इकाई के द्वारा नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन का स्वागत किया गया। झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री पदों का निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मौशमी पाल (जमशेदपुर) नवनिर्वाचित तथा प्रदेश मंत्री के पद पर श्री मनोज सोरेन (दुमका) नवनिर्वाचित हुए। श्री सोरेन ने कहा कि मैं अभाविप झारखंड को धन्यवाद देता हूं जो इस दायित्व के लिए मुझे चुना गया और मैं परिषद का आभारी हूं मुझे विश्वासी है कि मेरे नेतृत्व में अभाविप झारखंड में अभाविप का कार्य में गति मिलेगी । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विवेक धर ध्रुव कुमार अभिषेक पाल संतोष कुमार पूर्व जिला संयोजक साहब मिश्रा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लखीम मंडल उपेंद्र कुमार सनत कुमार नवल कुमार कापरी कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार शाह जिला संगठन मंत्री धनंजय कुमार पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रवि कुमार सुदर्शन कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झारखंड के बॉडर इलाकों में शराब एंट्री और तस्करों पर नकेल कसने के लिए चलाया गया अभियान

संवाददाता

दुमका। नए साल पर बिहार झारखंड के बॉडर इलाकों में शराब एंट्री रोकने और तस्करों पर नकेल कसने के लिए शुकवार को झारखंड और बिहार उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने बिहार से सटे दुमका जिले के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर अभियान चलाया। दो राज्यों के उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने दुमका जिले के सरैयाहाट प्रखंड से सटे झारखंड बिहार बॉडर स्थित सालजोरा बंदरी, गादीझोपा, दिग्घी, कोरडाहा और बनियारा पंचायत के गांवों में पेट्रोलिंग कर कई संभावित शराब तस्करों के ठिकाने पर छापामारी की। हालांकि इस दौरान टीम को कहीं कोई सफलता नहीं मिली। संयुक्त टीम के द्वारा जानकारी दी गई कि बॉडर इलाकों में पुलिस के साथ उत्पाद विभाग की टीम विशेष निगरानी रख रही है। बिहार में पुनतः शराबबंदी है और इसके लिए दोनों राज्य आपसी सामंजस्य स्थापित कर पैट्रोलिंग की व्यवस्था मजबूत कर रही है, ताकि बिहार बॉडर पर किसी भी तरह की शराब की एंट्री न हो। साथ ही किसी भी तरह से बड़े तस्करों को बिहार बॉडर क्रॉस करने से रोका जा सके इसके लिए बॉडर पर विशेष टीम की तैनाती की गई है। इस दौरान उत्पाद विभाग दुमका के एसआई प्रेम रंजन, मोतीलाल बंकिरा, उत्पाद विभाग बांका बिहार के एसआई कुमार गौरव, अश्वनी कुमार सहित दोनों राज्य के उत्पाद विभाग की टीम मौजूद थे।

बाबा बासुकीनाथ पर आधा किलो चांदी से निर्मित छत्र एवं मुकुट अर्पित किया

संवाददाता

जरमुंडी । बाबा बासुकीनाथ में शुक्रवार को बिहार मधुबनी के श्रद्धालु ने लगभग आधा किलो वजन के चांदी का छत्र एवं मुकुट अर्पित किया। बिहार के मधुबनी जिला अंतर्गत पंडोल निवासी दिलीप कुमार महतो व अंजनी कुमार ने अभीष्ट कामना के लिए बाबा बासुकीनाथ से मन्नत मांगी थी।उनकी मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने चांदी से निर्मित एक छत्र और मुकुट भोलेनाथ को भेंट किया। चांदी से निर्मित ये सामग्री श्रृंगार पूजन में इस्तेमाल किये जाने के लिए भेंट दिए गए हैं। चांदी के छत्र और मुकुट का वजन करीब 460 ग्राम बताया जाता है। दिलीप कुमार महतो ने बताया कि फौजदारी बाबा के दरबार में मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। उन्होंने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर भोलेनाथ को पूरी श्रद्धा से धन्यवाद निवेदन किया। मंदिर कार्यालय में रसीद कटवा कर उन्होंने पावती रसीद भी प्राप्त किया। इस मौके पर दानदाता यजमान के पुरोहित पंडित मणिकांत झा, मन्नो बाबा, मुकेश झा, संजय झा, लाली बाबा, सहयोगी मनोज मिश्रा, उमाकांत झा, निशिकांत पांडेय, बासुकीनाथ मंदिर के सहायक प्रबंधक सुभाष राव, मंदिरकर्मी ब्रजेश झा, अमित झा, ज्योतिष कुंवर, मंदिर गार्ड कपिलदेव पंडा, गुड्डू ठाकुर, गौतम राव मौजूद थे।

ध्यान साधना में व्यक्ति को जीवनभर मंगलाचरण के निर्वहन करने का मिला संदेश

दुमका। सात दिवसीय ध्यान साधना शिविर के तीसरे दिन के द्वितीय पाली में ध्यान से प्रारंभ होकर भजन कीर्तन के माध्यम से संत स्तुति, गुरु विनती पाठ किया गया। महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट से आए सुबोधानंद महाराज ने कहा ध्यान व्यक्ति को जीवनभर मंगलाचरण करने का संबल देता है, जिससे विकारों का शमन होता है। ध्यान की गंभीरता व गंभीर स्थिरता व्यक्ति के चारों ओर सकारात्मक स्थितियों का निर्माण करती है। इससे क्रोध, काम, लोभ और मोह के बंधनों से मुक्ति मिलती है। ध्यानस्थ रहकर नकारात्मक मनोभावों पर नियंत्रण का अभ्यास होता है। कहा कि ध्यान का सबसे प्रथम लाभ है। जीवन के दिन प्रतिदिन के क्रियाकलापों को करने में ध्यान से निष्पक्षता एवं अंतर्बोध प्राप्त होता है।

इग्नू सेंटर में नए छात्र के लिए आयोजित हुआ भव्य इंडेक्शन प्रोग्राम

रानीश्वर। एमजी डिग्री कॉलेज रानीश्वर के इग्नू सेंटर में शुक्रवार को नए छात्र के लिए भव्य इंडेक्शन प्रोग्राम की आयोजन की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इग्नू के डॉ सरोज मिश्रा मौजूद थे। परिचय सत्र में नए छात्रों को संस्थान की संस्कृति पाठ्यक्रम और भविष्य के संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि यह यात्रा केवल अकादमिक यात्रा नहीं बल्कि बेहतर इंसान बनने की भी है। छात्रों को संस्थान की उपलब्धि, गतिविधि एवं सुविधाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कॉलेज के इग्नू सेंटर के कॉर्डिनेटर प्रो गजेंद्र प्रसाद सिंह भी संचालित गतिविधि एवं उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मौके पर काउंसिलर प्रो बीसी झा, अफरोज खान, काजल मंडल, बीके राणा, रीना कुमारी के के अलावे मुकेश कुमार धिबर, आशा मरांडी, प्रेम मुर्मू, भास्कर महतो समेत अन्य मौजूद थे। मंच संचालन रीना कुमारी ने किया।

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपाइयों ने किया कार्यक्रम

एक-एक कार्यकर्ता को घर जाकर सदस्य बनाना है : किसुन दास

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश संथाल परगना प्रमंडल की सदस्यता बैठक शुक्रवार को देवघर के शोभा परिसर में हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिमरिया के निवर्तमान विधायक किशुन दास, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक किसुन दास ने कहा झारखंड में जो सदस्य अभियान चल रही है एक-एक कार्यकर्ताओं को घर जाकर सदस्य बनना है भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के सभी सदस्य में यह बात करना चाहता हूं पार्टी को मजबूत करें और पार्टी को आगे बढ़ाएं हार जीत तो लगी रहती है उसे हम लोग को निराश नहीं होना है हम लोगों को मिलकर अगले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बनाना है। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश मंत्री मोर्चा कामेश्वर पासवान,भाजपा जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता चौरसिया,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया, दशरथ दास, प्रकाश दास,जिला मंत्री भाजपा विजया सिंह बबली,ओंकार दास,पंकज सिंह भदोरिया,कामेश्वर दास,श्रीधर दास,उमेश दास, शंकर दास,बबलू पासवान,सुलोचना देवी, संतोष पासवान, समेत एससी मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र दास ने की एवं संचालन मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सह सदस्यता प्रभारी शंकर रजक ने किया।

नदियों से अवैध उत्खनन कर मालामाल हो रहे हैं बालू माफिया

संवाददाता

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड के विभिन्न नदी घाटों से अवैध बालू का उठाव कर डंप करके माफियाओं द्वारा बेचा जा रहा है। बालू माफिया सड़क निर्माण कंपनी को ऊंची कीमत पर भी बेच रहे है। प्रशासनिक सख्ती के बावजूद जरमुंडी व तालझारी थाना क्षेत्र में माफियाओं ने विभिन्न नदियों से अवैध उत्खनन कर धड़ल्ले से उठाव कर भंडारण शुरू कर दिया है। नदी से बालू का अवैध उत्खनन दिन रात जारी है। माफिया द्वारा बालू का उठाव कराकर सुरक्षित जगह पर डंप किया जा रहा है। बालू को अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है। इस कारण सुदूर क्षेत्रों में आबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास निर्माण करने वाले लाभुकों को आवास निर्माण कार्य में परेशानी हो रही है। थाना क्षेत्र के मोतीहारा नदी, टेपरा नदी, मयुराक्षी नदी, ठेकचाघोंघा बालू घाट, समेत कई घाटों से बालू के खनन पर रोक है। बावजूद इसके नियम कानून को ताक पर रख कर बालू का उठाव जारी है। प्रखंड में बालू का अवैध कारोबार रोक पाने में पुलिस प्रशासन हो या खनन विभाग पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर से अवैध बालू उठाव रोक पर कारवाई करवाने की मांग की है। बालू कारोबारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई प्रखंड प्रशासन और ना ही जिला प्रशासन ने की है। सीओ संजय कुमार ने बताया कि बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।